VOL. VII PART-III JUNE 2001 (BI-MONTHLY)

JOTI JOURNAL

न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान

उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007

JUDICIAL OFFICER'S TRAINING INSTITUTE
HIGH COURT OF MADHYA PRADESH
JABALPUR-482 007
☎ 325995

कमर कसो

मित्रो यह अंक आप तक पहुंचते–पहुंचते ग्रीष्मावकाश समाप्ति पश्चात नया सत्र प्रारंभ हो चुका होगा। स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया चलती रहेगी। कुछ एक को अच्छा लगेगा कुछ एक को अटपटा भी। लेकिन सब रम जायेंगे। रमना भी चाहिए। रमना साधु का काम है। धूनी रमाई और साधु रम गए। धुन का अर्थ होता है किसी कार्य में बराबर लगे रहने की प्रवृत्ति।

प्रवृत्ति का अर्थ है चित्त का किसी ओर लगाव या झुकना। हम साधु नहीं संसारी व्यक्ति हैं लेकिन संसार चलाने के लिए वृत्ति भी करते हैं। हमारे संसार का सुगमता से चलना वृत्ति व्यवसाय पर निर्भर है। वृत्ति व्यवसाय में चित्त है तो वह अच्छे से चल जाती है। संसार भी चल जाता है व वृत्ति भी चलती है। अतः हमारा लगाव व झुकाव हमारी वृत्ति नौकरी की ओर होता है।

वृत्ति व्यवसाय एवं संसार दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। हम हमारी वृत्ति व्यवसाय को किस गति से चलाते हैं, कितना परिश्रम करते हैं, कितना रख–रखाव करते हैं इससे हमारे संसार पर भी प्रभाव पड़ता है। परिवारजन हमारे–आपके वृत्ति व्यवसाय– नौकरी पर निर्भर हैं। अतः उसका ठीक ठाक चलता रहना जरूरी है।

ऐसा करने के लिए उसकी देख रेख भी आवश्यक है। मनुष्य का चरित्र कुछ अजब–गजब है। यह इस लिए कि मनुष्य की प्रवृत्ति कुछ आलसी सी रहती है। कहावत भी है Men aparat man is king अर्थात हम अपनी मर्जी के मालिक हैं। लेकिन प्रकृति ने जितने जीव जन्तु निर्मित किए हैं उसमें मानव को छोड़कर सभी अपनी मर्जी के मालिक हैं। वो इसलिए कि वे प्रकृति के विरुद्ध जाकर कोई कृत्य नहीं करते। चिड़िया को रविवार के दिन देर से उठते नहीं देखा होगा न कि वीक एन्ड रेस्ट करते हुए। ऐसा भी नही है कि सूर्योदय के पूर्व वह उड़ कर नहीं चली गई हो या शाम ढलते वापस अपने घरोंदे में न लौटी हो। जंगल में चाहे शेर हो या लोमड़ी – आकाश में गरूड़ हो या गिद्ध प्रकृति के विरुद्ध कोई कृत्य वे करते नहीं हैं।

गीदड़ का शाब्दिक अर्थ तो सियार (जैकाल) से है। वह डरपोक प्रवृत्ति का (व्हलचर) होता है लेकिन भभकी तो उसकी भी प्रसिद्ध है। शेर भभकी नहीं देता। गीदड़ भभकी को जैकॉलस् थ्रेट कहते हैं। खाली पीली भभकी भर रहती है। वो चिल्लाता है शेर आया शेर आया लेकिन आता गीदड़ ही है लेकिन जब वास्तव में शेर आएगा तो उसका दूर दूर तक अता–पता न होगा। भभकी की प्रवृत्ति घातक होती है। घातक इसलिए कि हर कोई जानता है कि भभकी देने वाले की स्थिति क्या है वह किस स्तर का है।

हर कोई अपना स्तर अति रंजित करके प्रदर्शित करता है अर्थात है कुछ नहीं लेकिन दिखावा ऐसा कि बहुत कुछ है। सम्भवतः यह स्थिति और किसी के साथ नहीं होती। अतः यह बात मनुष्य के संबंध में लागू की जावे तो जरूरी है कि हर एक ने आत्म प्रशंसा के बदले आत्मचिंतन कर लेना चाहिए। आत्मचिंतन का परिणाम निश्चित सकारात्मक ही होगा।

हम भारतीय हैं। हमारे संस्कार हमारी संस्कृति के प्रति हमें गर्व है लेकिन गर्व होना परिणामदायक नहीं होता है। उन संस्कारों का सतत रूप से हमारे मन पर संस्कार होते रहना चाहिए। संस्कार सम्भवतः प्रकृति के निकट होते हैं अतः जितने स्वाभाविक क्रियाकलाप हमारे होंगे उतने ही मार्गदर्शित अनुशासित हम होंगे तब हमें किसी के द्वारा हांकने की आवश्यकता नहीं होगी।

हमें स्वयं को पहचानना है। यह भूल जाना है कि हम ज्ञाता हैं सब कुछ आता है। यह बात अभी अंतिम

सत्र में व्याख्यान के लिए पांचों ही माननीय न्यायाधिपति महोदय के व्यवहार से ज्ञात हुई। मैं अवाक रहा गया था। एक माननीय ने रात 12 बजे तक अध्ययन कर लेक्चर दिया। एक अन्य माननीय ने न्यायालयीन कार्य समाप्त होने के पश्चात अपने चेंबर में बैठकर तैयारी की व दूसरे दिन सुबह 11.30 का व्याख्यान था लेकिन सुबह 10 बजे से ही चेंबर में टिप्पण तैयार कर रहे थे। तीसरे माननीय महोदय का कथा कथन 3 बजे से था लेकिन सुबह 10 बजे से ही उनके स्टाफ के साथ वे उनके चेंबर में थे व तैयारी करके आए थे। एक माननीय महोदय पूर्णतः नोट्स तैयार करके लाए थे मानों उन्हें ही परीक्षा में बैठना हो। व इस प्रकार प्रत्येक माननीय अनुभवी होते हुए भी अपनी बात बताने को आने से पूर्व तैयारी (अध्ययन) करके आए थे। एक माननीय महोदय ने लगभग 20 पृष्ठों का लेख अग्रिम रूप से तैयार किया था जो लेक्चर के एक दिन पूर्व ही प्रशिक्षुगणों को वितरित भी किया गया था।

हमारी मानसिकता तो दर्शक श्रोताओं जैसी हो रही है। हम यह मानकर बैठे रहते हैं कि कीर्तनकार का तो काम है कीर्तन करना। वह अपने मनोरंजन हेतु ऐसा करेगा व हम श्रोता के रूप में बैठे रहेंगे व मन में अनेकानेक विचारों के साथ खोते रहेंगे। हम पूर्व तैयारी नहीं करेंगे यहां तक कि सम्बन्धित पुस्तकें भी आंखों के सामने नहीं रखेंगे। क्योंकि कीर्तनकार महाभारत के किसी भी प्रसंग को लेकर कीर्तन करे क्या फर्क पड़ता है हमें तो सम्पूर्ण महाभारत मालूम है। कीर्तनकार तो स्वान्तः सुखाय कीर्तन कर रहा है ऐसी हमारी मानसिकता है। हमें मालूम है ऐसी जो धारणा है वही खोखली धारणा है, रेत का टीला है, पैरों के नीचे से कब खिसक जायेगा पता भी नहीं लगेगा। जिनको जानने की इच्छा है वे भभकियों के हो हल्ले में सहमें बैठे होते हैं लेकिन वे विद्रोह नहीं करते, ललकारते नहीं हैं।

प्रशिक्षण के लिए हमें बुलाया जाता है कुछ नई बातें ज्ञात होती हैं विचारों का आदान प्रदान होता है, एकदूसरे को समझने का अवसर मिलता है। जानने को अथांग समुद्र है न जानने वाले के लिए वो जहां खड़ा है उतना ही उसके लिए विश्व है। बेहतर होगा कि हम भ्रमजाल से मुक्त हो व पठन पाठन इस कल्पना के साथ करें कि हमें तो मूलभूत बातें तक जानना है। संभवतः ये आधार ही हमारे में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला सकेगा। एक स्थान पर निम्न बात पढ़ने को मिली अच्छी लगी आपको भी बता रहा हूं।

REMEMBER YOUR PURPOSE -

- You are there to make a contribution to the institute.
- Be prepared to communicate how you can do that.
- Let them see the best you, you can be.
- Relax and enjoy the process.
- Be active participant.

मित्रों ध्याान रखना। आपका आत्मविश्वास, आपका निर्धार व आपकी तपस्या उस खोखलेपन को नष्ट कर सकती है जो केवल दिखावा भर है। उसे सत्य न मानें। उत्कृष्ट कर्म के लिए कमर कस लो (Gird up your loins and give it your best shot.)

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

● संस्कारित व्यक्ति मात्र मनुष्य से मानव बनता है।

● पद नहीं, आपका आचरण एवं व्यवहार आपका परिचय है।

समभाव कर्म

दिनांक 18 अप्रैल 2001 से 25 अप्रैल 2001 तक उन अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों का प्रशिक्षण सत्र पूर्ण हुआ जो पिछले वर्ष पदोन्नत हुए थे। यह सत्र ग्रीष्मावकाश पूर्व का अन्तिम सत्र था। माननीय न्यायाधिपति एवं अध्यक्ष न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान कमेटी श्रीमान सी.के. प्रसाद महोदय ने दिनांक 19 को उद्घाटन भाषण दिया व हिन्दु विवाह अधिनियम से संबंधित विषय का विहंगावलोकनात्मक भाष्य भी किया। उद्घाटन भाषण के रूप में श्रीमान प्रसाद साहेब ने कहा कि न्यायधीश के रूप में जब आप कार्य करते हैं तब आपमें कर्म के प्रति वचनबद्धता (कमिटमेंट) में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होना चाहिये। आप संविधान के अंतर्गत संविधानिक पदाधिकारी (फंक्शनरी) के रूप में कार्य करते हैं। अतः हमारा कार्य समर्पित भाव से होना चाहिये। हमारी न्यायपालिका को जो प्रतिष्ठा पूर्व न्यायधीशों के गुणवत्ता तथा कर्म के प्रति निष्ठा के कारण मिली है उसे हमें आगे बढ़ाना है तथा यह तभी संभव है जब हमारा योगदान उसमें हो। ऐसा योगदान तभी संभव है जब हम हमारे कार्य के प्रति जागरूक हों। दो पक्षों के बीच एक व्यक्ति न्यायासन पर बैठकर निर्णय करता है यह पदीय गौरव की बात है अतः उनके विश्वास को बनाए रखने हेतु परिश्रम आवश्यक है। माननीय श्रीमान प्रसाद साहेब ने आगे यह भी कहा कि न्यायधीश के लिये यह आवश्यक है कि विषय वस्तु का विश्लेषणात्मक अध्ययन करे जिससे प्रकरण को समझकर न्याय करने में सुविधा होगी। अध्ययन वह सतत् प्रक्रिया है जिसका कहीं भी अंत नहीं होता है अतः पठन पाठन सतत् रूप से होता रहना है। संभव है कि न्याय सिद्धांत कुछ एक को अच्छे से मालूम होंगे लेकिन उनका व्यवहार में उपयोग में लाना ही कला है व यह सब अनुभव से संभव है। **विधि क्या है यह बात तो पता लग सकेगी लेकिन उसका अपवाद क्या है यह महत्वपूर्ण तत्व होता है** व उसी से न्यायधीश के योग्यता की परीक्षा होती है। न्यायदान किसी व्यक्ति विशेष की मर्जी के अनुसार नहीं होता है अपितु विधि के सिद्धांतों का अध्ययन आवश्यक है व उसका व्यवहार में प्रयोग में लाना भी मालूम होना चाहिये।

माननीय न्यायाधिपति श्रीमान दीपक मिश्रा महोदय ने बैंक गैरण्टी एवं निषेधाज्ञा के विषय पर भाष्य करने के पूर्व न्यायाधीश गणों को उनके व्यवहार विषय में कुछ बातें बताई। आहत मन से उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। माननीय महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र में जबलपुर मौज मस्ती एवं आनंद से समय काटने के लिए आते हो ऐसी यदि धारणा है तो बड़ी भ्रामक धारणा है। आप जबलपुर में तफ़री करने हेतु नहीं आते हैं। यह धारणा भी बड़ी भ्रामक धारण होगी कि जो न्यायाधीश यहां आते हैं उन्हें विधि संबंधी पूर्ण जानकारी है तथा ज्ञान से सराबोर या संतृप्त हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्र में आपका आना विधि ज्ञान के विभिन्न विषयों को विभिन्न पहलुओं से देखने के उद्देश्य से होना चाहिये। ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात मानवता की सेवा करना ऐसा उद्देश्य सतत् रूप से अनुभव होता रहे। प्रशिक्षण में आए न्यायाधीशों की पूर्व तैयारी क्या है यह उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर से ज्ञात होगा तब प्रशिक्षण देने आए अतिथि वक्ताओं के द्वारा प्रश्नों का हल बताया जा सकेगा कुल मिलाकर प्रशिक्षण का उद्देश्य ज्ञानवर्धन का होना चाहिये व इसलिए यह जरूरी है कि प्रशिक्षण काल में मार्गदर्शनात्मक बातों पर पूर्ण रूप से ध्यान केन्द्रित रहे। श्रीमान दीपक मिश्रा महोदय ने ये भी कहा कि आप एक लक्ष्य निर्धारित करें व उसे प्राप्त करने का पूर्ण निष्ठा के साथ प्रयत्न करें। प्रशिक्षण संस्थान से आप जुड़कर रहें न कि असंबंधी जैसा अनुभव करें या कि संस्था के साथ नगण्यता या उदासीनता या महत्वहीनता (इन्डिफरन्ट) का भाव नहीं रखें। न्यायाधीश यद्यपि एक सामान्य जन है लेकिन उसके कार्य की प्रकृति ऐसी होती है कि वह सामान्य जन जैसा व्यवहार नहीं कर सकता "I am I but I am not I" की स्थिति है। पद की

प्रतिष्ठा बनाकर रखना आपका कर्तव्य है लेकिन इसका यह अर्थ निश्चित नहीं है कि आप अपने कर्त्तव्यों का पालन नहीं करेंगे। माननीय न्यायाधिपति महोदय ने अपने समापन भाष्य में एक श्लोक का वाचन किया जो इस प्रकार है।

योगस्थः कुरू कर्माणि संगत्यक्त्वा धनंजय।
सिद्धयसिद्धयो : समो भूत्वा समत्व योग उच्यते।।

अर्थात जय अथवा पराजय की समस्त आसक्ति त्यागकर समभाव से अपना कर्म करो। ऐसी समता योग कहलाती है।

सत्रान्तर्गत माननीय न्यायाधिपति सर्वश्री सी.के. प्रसाद महोदय, श्रीमान दीपक मिश्रा महोदय, श्रीमान व्ही. के. अग्रवाल महोदय, श्रीमान एस.पी. खरे महोदय ने एवं श्रीमान ए.के. मिश्रा महोदय ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। चार दिन तक माननीय न्यायाधिपति महोदय श्रीमान आर.पी. अवस्थी महोदय (सेवानिवृत्त) ने अपील रिवीजन सत्र प्रकरण आदि पर भाष्य किया एवं जो निर्णय निरीक्षण परीक्षण हेतु बुलाए थे उन पर विस्तार से चर्चा की।

विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों को निमंत्रित किया था। सर्वश्री टी.के. शाकल्ले विभागाध्यक्ष मेडिकल कॉलेज, जबलपुर, एफ.एस.एल. डिपार्टमेंट सागर से सर्वश्री आर.के. दुबे, एस.के. तिवारी, जे.के. अग्रवाल एवं एम.पी. गौतम श्री डॉ. जितेंद्र जामदार आर्थो सर्जन ने भी दुर्घटना व अपंगता पर अपने विचारों से मार्गदर्शित किया।

जिला स्तरीय न्यायाधीशगण सर्वश्री आइ.एस. श्रीवास्तव सचिव राज्य प्रशासनिक अधिकरण, श्री के.डी. खान सचिव म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, श्री सी.व्ही. सिरपुरकर अति. रजिस्ट्रार (जे) म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर ने भी विभिन्न विषयों पर अपने योग्य विचार व्यक्त किये।

●

TO KNOW THE RULE, KNOW THE EXCEPTION
EXCEPTION PROVES THE LAW

JUSTICE C.K. PRASAD

EXERT YOUR SELF SUCCESS HAS NO SHORT CUT

JUSTICE V.K. AGRAWAL

The will to win is worthless if you do not have the will to prepare. Sky scrapers take only a year to build but many years to plan. And, patience in planning, impatience in execution has worked wonders.

Those who don't read books have no advantage over those who can't.

Courtesy : Think inc. Batra.

सौ. मंजू नामजोशी, उच्च न्यायिक सेवा संवर्ग, अतिरिक्त निदेशक, न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान के रूप में पदस्थापित हुईं।

जानने समझने योग्य बहुत कुछ

मित्रो! बहुत कष्ट होता है जब हम वरिष्ठ न्यायाधीश जिन्हें समय–समय पर पदोन्नति मिलते मिलते प्रथम श्रेणी के अधिकारी होने के पश्चात सामान्य अनुशासन व मर्यादाओं का पालन नहीं कर सकते, शिष्ट व्यवहार नहीं कर सकते हैं। यहां तक भी समझ में आ सकता है लेकिन हमने अशिष्ट व्यवहार किस कारण से ग्रहण कर लिए हैं? संस्कार सिखाए जाते हैं संस्कारित किया जाता है तो क्या अप संस्कृति व अशिष्टता का नैसर्गिक गुण है ऐसा मान कर अमर्यादित व्यवहार किया जाता है? लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ एक लोग ही ऐसे होते हैं। प्रशिक्षण कक्षा में बैठे बैठे मार्गदर्शक को पूछना कि आपसे हम बैठे बैठे प्रश्न पूछ सकते हैं या उठकर पूछना पड़ेंगे। सामान्य कुर्सी पर ऐसे बैठना जैसे आराम कुर्सी पर बैठे हों। प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थी की ओर मुंह कर के बैठा है तो प्रशिक्षु सम्पूर्ण शरीर सहित बाजू कर के बैठा है क्या कहा जाय। दोष किसका है?

प्रशिक्षण हेतु पूर्व में जब ये ही प्रशिक्षार्थी आए थे तब विधिवत यूनिफार्म में आए थे अबकी बार कुछ एक रंगीन टाई में आए थे। एक ने तो कमाल ही कर दी। एक दम रंगीन वस्त्र में। पूछने पर कहा गया कि उसे तो आदेश ही नहीं मिला था। वो कोट तक साथ नहीं लाया था। उसे जबलपुर में कोट खरीदना पड़ा। आने को तो पूरा परिवार साथ में आया था।

प्रशिक्षण हेतु जो अतिथि भाष्य करने आते हैं वे संस्था की ओर से आमंत्रित होते हैं। आमंत्रित को उठकर अभिवादन करना एक सशक्त स्वस्थ परंपरा भारतीय संस्कृति की रही है। ऐसा नहीं है कि ये बात प्रशिक्षु वर्ग को नहीं मालूम। क्यों कर प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने हेतु आने वाले विभागीय वरिष्ठ या कनिष्ट अधिकारियों के आने पर उठकर खड़े होते हैं। क्या ऐसा तो नहीं कि जो व्यक्ति नुकसान कर सकता है उसी से हम डरते हैं व शेष से अशिष्ट व्यवहार की सीमा तक बढ़ सकते हैं? प्रशिक्षण कक्षा में ऐसे इने गिने लोग होते हैं लेकिन उनका सक्रिय रूप से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष विरोध करने की इच्छा बाकी लोगों को नहीं होती है? आत्म सम्मान को तिलांजलि मत देना।

एक श्लोक यहां प्रासंगिक है देखे।

लौकिकं वैदिकं वापि तथाध्यात्मिकमेव च।
आद्दीत य तो ज्ञानं तं पूर्वमभिवाद्येत।।

अर्थात जिससे लौकिक, वैदिक और आध्यात्मिक ज्ञान को सीखें उसे पहले प्रणाम करना चाहिये।

एक और श्लोक वैज्ञानिक आधार पर–

उर्ध्व प्राणाह्युक्रामन्ति यूनः स्थविर आयति।
प्रत्युत्थानामिवादाभ्यां पुनस्ताः प्रति पद्यते।।

अर्थात बड़ों के आने पर छोटों के प्राण उपर उच्छ्वसित होते हैं इसलिये खड़े होकर प्रणाम करने से वे प्राण फिर अपने स्थान पर आ जाते हैं।

एक और श्लोक सामान्य व्यवहार के रूप में–

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसे बिनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यथोबलम्।।

अर्थात नित्य बड़ों की सेवा और प्रणाम करने वाले पुरूष की आयु, विद्या, यश और बल ये चारों बढ़ते हैं।

ये कुछ प्रसंग हैं पिछले प्रशिक्षण वर्ग के। ध्यान रहे गलत कार्यों का मौन समर्थन भी अनुचित कृत्य करने वालों को पुरस्कार हो सकता है।

प्रशिक्षण हेतु आई महिला न्यायाधीशों के प्रति हमारा कर्तव्य है कि उनके प्रति आदर दर्शाएं एवं ऐसा भाव बनाकर रखें। स्त्री दाक्षिण्य का व्यवहार भी हो। दाक्षिण्य शब्द सरलता और उदारता वाचक है।

प्रत्येक न्यायाधीश का यह कर्तव्य है कि अपने न्यायालय में बैठे। न्यायालयीन समय में कभी कभार किसी समस्या के कारण हमें अन्य सहयोगी न्यायाधीश के पास शंका समाधान हेतु जाना पड सकता है। लेकिन ऐसा नैमित्यिक क्रम के रूप में होने लग जाय तथा अधिक समय तक चेम्बर में ही ये बैठे रहे तो अनावश्यक रूप से चर्चा का विषय हो जाता है।

लेख 'प्रक्रिया विधि पालन में उपेक्षा न हो' (दंड प्रक्रिया) पृष्ठ 38 पर भी एक बात बताई है। इस स्तंभ में विशेष रूप से खुलासा किया जा रहा है ताकि इस विषय पर और ध्यान दिया जा सके। धारा 228 (1) क के अंतर्गत सत्र न्यायालय को यह शक्ति है कि रेकार्ड देखकर एवं पक्षकारों को सुनने पश्चात यह अनुभव हो कि यह प्रकरण मजिस्ट्रियल ट्रायल के रूप में सुनने योग्य है तो ऐसी धाराओं का चार्ज लगाकर प्रकरण मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी को भेजना चाहिये। लेकिन ऐसा नही होता। चार्ज लगाना तो दूर यह भी नहीं लिखा जाता कि किन किन धाराओं का अपराध बनता है ताकि विचारण न्यायालय उन धाराओं का चार्ज लगाएँ। सत्र न्यायालय ने ये लिखा कि सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य आरोप नहीं बनता व प्रकरण मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। मजिस्ट्रेट ने पुनः यह मानते हुए कि सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य अपराध बनता है वापस सत्र न्यायालय को भेजा व ऐसा आना जाना चलता रहेगा, तो क्या होगा। प्रावधान ये कहता है कि यदि सत्र न्यायालय द्वारा एकान्तिक रूप से प्रकरण सुनने योग्य नहीं है तो सत्र न्यायालय उचित धाराओं का चार्ज लगा सकेगा व प्रकरण मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी को सुनवाई हेतु वापस कर सकेगा। ऐसा न करने का कोई औचित्य नहीं है। सत्र न्यायालय मजिस्ट्रियल कोर्ट से ऊँचे दर्जे का न्यायालय होता है अतः उसका कार्य मार्गदर्शित करने योग्य हो।

अभी हाल में अतिरिक्त जिला न्यायालयों के लिए प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण हुआ। संबंधित न्यायाधीशों के निर्णय आदि निरीक्षण परीक्षण हेतु बुलाये थे। आश्चर्य तब हुआ जब यह पाया कि इतने वरिष्ठ न्यायाधीशों को दावा प्रस्तुत होने पर सही सही आदेशिका क्या लिखना यह भी नहीं मालूम। निर्णयों में न्यायालय के नाम का शीर्षक क्या बनना चाहिये ये तक नहीं मालूम। इस विषय पर अभी अभी **ज्योति दिसम्बर 2000** की **पत्रिका में पृष्ठ 675** पर भी विस्तार से **'वादों का संस्थित किया जाना'** में लिखा है। **शीर्षकों के संबंध में अक्टूबर 1999 के पृष्ठ 375 से 381** तक विस्तार से बताया है। वास्तव में यह उपेक्षा पत्रिका के प्रति नहीं है अपितु स्वयं के प्रति है। यह उपेक्षा इसलिए नहीं है कि हम समझ नहीं सकते हैं अपितु ऐसा लगता है कि इस कारण से है कि हम सब कुछ जानते हैं। एक स्थान पर पढा था कि जो व्यक्ति पढना जानते हुए पढ़ता नहीं है उसकी स्थिति निरक्षर से बेहतर नहीं होती है।

TO BE A JUDGE TAKES KNOWHOW PERHAPS EVERY ONE TAKES IT ON ANY HOW.
THE QUALITY OF OUR WORK HAS EVERYTHING TO DO WITH OUR SUCCESS IN LIFE.

चैतन्य का जागरण

न्यायाधिपति विजय कुमार अग्रवाल

29.1.2001 से प्रारंभ हुए पुनर्निवेशन (फीड बैक) सत्र में, जो कि सन् 2000 के नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीशों के लिए था में माननीय न्यायाधिपति श्रीमान व्ही.के. अग्रवाल महोदय ने उद्‌घाटन भाषण के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। जमीन से जुड़े व्यक्तित्व के द्वारा अभिव्यक्त विचार सहजोद्‌गार थे। विचारों की अभिव्यक्ति सहज–सुलभ लेकिन प्रभावपूर्ण एवं मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करने वाली एवं समझाने योग्य भाषा में थी। जो भाषा थी जैसी थी, जैसी अभिव्यक्त की गई वह मानों आपस में बोलचाल हो रही है ऐसी ही थी। उक्त अभिव्यक्ति को तोड़े मरोड़े बगैर यहां प्रस्तुत किया जा रहा है, वह इसलिए कि पढ़ने वाला प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि किसी बात के सहज रूप से किसी के गले उतारने के लिए किसी औपचारिकता की आवश्यकता नहीं है। जो समझा, जो किया, जो पाया, जो देखा उसे अभिव्यक्ति के धागे में पिरो दिया है। यह माला विजयश्री की है। धैर्य की, सीमित भाष्य करने की निर्णय न्यायाधीश का दर्पण होने की, भाग्य भरोसे न रहकर परिश्रम द्वारा भाग्य की दिशा बदलने की, निष्ठा और चरित्र की, समय की पाबंदी की, पारस्परिक संबंधों जैसे अनेकानेक फूल आप माला में देखेंगे। इन गुणों की खुशबू महकेगी, भीनी भीनी गंध होगी। जो सहज अनुभव होगी। लेख पढ़ते पढ़ते हम आप गतिशील होंगे। पैर अपने आप थिरकेंगे, वैचारिक आंदोलन होगा व कृतित्व के प्रति प्रेरणा जागृत होगी जो व्यक्तित्व निर्माण का आधार एवं निर्धार बन सकेगा।

संपादक

सबसे पहले आप बधाई के पात्र है कि मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा अब जो, मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा और छत्तीसगढ़ न्यायिक सेवा के आप सदस्य बन सके हैं कठिन परिश्रम से आप आये होंगे इस सेवा में, मेहनत की होगी पढ़ाई लिखाई के दौरान, कॉम्पिटीशन की तैयारी के दौरान और उम्मीद करना चाहिए कि जब आपने अपने 3 महीने गुजारे हैं, इस सर्विस में, इस संस्था के साथ, तब भी आप लगातार मेहनत करते रहे हैं। न्यायाधीश का पद अन्य किसी सेवा से एक विशिष्ट स्थान रखता है, इसमें कोई दो मत नहीं है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने भी यही कहा है कि न्यायिक सेवा से जो जुड़े न्यायाधीश गण हैं, हम आजकल अपने को न्यायिक अधिकारी कहलाना पसंद करते हैं इससे बहुत रिस्पेक्टेबुल सम्मानजनक शब्द है, न्यायाधीश। वह किसी भी श्रेणी का न्यायाधीश हो। हम अपने को या तो मजिस्ट्रेट कहते हैं या कहते हैं जुडीशियल ऑफीसर। अब आप लोगों के साथ–साथ मैं भी यही कहने लगा हूं। पर मेरे विचार से न्यायाधीश शब्द बोले जाने से ही अपने आप में एक सम्मान की तृप्ति होती है जो जिस व्यक्ति से आप बात करते हैं। अगर उससे यह कहें आप कि मैं जुडीशियल ऑफीसर हूँ, तो वह आपको करीब–करीब ऐसा मानेगा, जेसे आप किसी और विभाग के अन्य अधिकारी की तरह हैं या लगभग उसके समकक्ष है। जब आप कहते हैं कि मैं न्यायाधीश हूं, तो न केवल आपको स्वयं गौरव का भान होता है, बल्कि सामने वाले के मन में भी सम्मान की भावना जागृत होती है। तो अपने को सोते उठते यह ख्याल बिलकुल रखना चाहिए कि हम न्यायाधीश हैं, न्यायिक अधिकारी से भी बढ़कर जो न्यायाधीश की गरिमा है, उसका हमें पालन करना चाहिए। न केवल 11 से 5 या 11 से साढ़े पांच आजकल, बल्कि अलावा भी आपका समाज में परिवार में एक विशिष्ट स्थान तभी बन सकता है, जब आप इस गरिमा का ध्यान रखें। आप इसकी

शान में, झूठी शान में मत आये, उसकी जो वास्तविक गरिमा है, उसका जो वास्तविक सम्मान है, बैलेन्स है, वह आप उसे मेन्टेन करें और उसके अनुरूप अपना आचरण और कार्य करें बतौर न्यायाधीश के आपसे कड़ी मेहनत तो अपेक्षित है ही, इसमें कोई दो मत नहीं है कि जो न्यायाधीश होता है, वह जीवन भर विद्यार्थी बना रहता है, जब तक कि उसके कैरियर का, उसकी सर्विस का उसके कार्य का समापन नहीं हो जाता। कोई भी दिन ऐसा नहीं होता, जब वरिष्ठ से वरिष्ठ कुर्सी पर बैठा हुआ न्यायाधीश कोई नई बात न पूछे पर इसके लिए यह आवश्यक है कि उसमें सीखने की इच्छा होना चाहिए। अगर आपने न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठते ही यह मान लिया कि आप सर्वज्ञान सम्पन्न हो गये, तो यह गलत धारणा बहुत जल्दी टूट जाती है। अगर आपने यह माना कि न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठकर हमें पक्षकारों की न केवल सुनवाई करना है, बल्कि दोनों पक्षों को जो भी कहना चाहते हैं, उसमें वास्तविकता कितनी है, उसमें छल कपट कितना है, उसमें झूठ कितना है, उसमें तथ्यों का ज्ञान कितना है और कानून की बात कितनी निहित है, यह सब बातें अगर हमें समझनी है, तो इसके लिए सबसे पहले न्यायाधीश का यह गुण होना चाहिए कि **उसे थोड़ा धैर्य से काम करना होगा।** सुनवाई में धैर्य यह तो पहली आवश्यक वस्तु है। **झुंझलाना** यथा संभव कम करना चाहिए, बहुत आवश्यक पड़ने पर यह संभव है, लेकिन आपको फिर भी नम्र रहना चाहिए कोर्ट के ऑर्च में जब भी आप काम करते है, तो एक मूल बिन्दु जो आपको ख्याल रखना चाहिए कि आपको बोर्ड पर बैठकर कोर्ट के डायस पर बैठकर केवल उतनी **बातचीत** करने का प्रयास करना चाहिए, जितनी परम आवश्यक है और मामले के तथ्यों या विधि के प्रश्नों से संबंधित है अन्यथा बातचीत अकसर विवादों और परेशानियों को जन्म देती है। हम किसी मत से सहमत नहीं है, तो हमारे आदेश से वह बात परिलक्षित होती है। पर इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि आप जो अभिभाषक गण महोदय या पक्षकार कह रहे हैं उसे व्यक्तिगत रूप से लेकर विवाद करने लगे या नाराज हो जाएं, उन्हें अपनी बात कहने का हक है, मानना या न मानना आपके विवेक पर निर्भर है और विवेक हमेशा जुडीशियस होना चाहिए इसलिए विवेक के साथ हमेशा शब्द उपयोग में आता है न्यायिक विवेक Discretion आपको है, आपको पावर्स दिए है, शक्तियां दी गई है, लेकिन आपकी वह जो सन्निहित शक्तियां हैं वह बंधी हुई हैं कानून से और कानून की परम्पराओं से, स्थापित परम्पराओं से इसलिए discretion का मतलब मनमानी नहीं। Discretion का मतलब है वह व्यवस्था जो विधि के अनुसार उचित और संभव है। इसलिए जब भी discretion word use होता है, तो judicial discretion न्यायिक विवेक का उपयोग होता है और उस न्यायिक प्रयोग के विवेक में जो बात आपको उचित लगे वह आप करने के लिए स्वतंत्र हैं न्यायिक विवेक आपका कैसे जागृत होगा? यह तभी जागृत होगा, जब आपको विधि और तथ्यों का पूर्ण ज्ञान हो।

विधि के ज्ञान के लिए अभी प्रारंभिक अवस्था में आपको बहुत ज्यादा केस लॉ पर जाने की जरूरत नहीं है। **केस लॉ** का मतलब हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के निर्णय, अन्य हाईकोर्ट के भी निर्णय, म.प्र. हाईकोर्ट के निर्णय, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्णय। यह निर्णय आपको जानना चाहिए, पर उससे भी ज्यादा आवश्यक बातें ये हैं कि आपको **प्रोसीज़रल** लॉ और **बेसिक सब्सटेन्टिव** ला इस पर पूरी जानकारी और पकड़ आपको होनी चाहिए। प्रोसीज़रल लॉ का अगर आपको ज्ञान करना है, तो आपके लिए यह परम आवश्यक है कि आप न केवल सिविल प्रोसीजर कोड और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में अच्छी पकड़ रखें, इसका बार–बार अध्ययन करें। यह मानकर न चलें कि हमने चूंकि लॉ की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या वकालत कर ली है या इतने दिन न्यायाधीश के रूप में कार्य कर लिया है इसलिए हमें उस बात की जानकारी है ही। मैं फिर कहूंगा, हर बात को व्हेरीफाई करना चाहिए उसको फिर से दोहराना चाहिए, उसकी किताब खोलकर देखना चाहिए, खास तौर से जब विधि के ऐसे प्रश्न निहित हो जिनके संबंध में आपका ज्ञान या आपकी राय बिलकुल स्पष्ट नहीं है, आप

दोनों पक्षों के अभिभाषकों को सुनने के बावजूद और सुनवाई के दौरान आवश्यक रूप से किताब अपने आप रखें और उसको खोलकर पढ़ते चलें ताकि आप यह समझ सकें कि वह जो कह रहे हैं, उसमें कितनी वास्तविकता है और कितनी वह वास्तविकता से परे है और अगर आपके मन में कोई शंका है, तो आप उसी समय उनसे प्रति प्रश्न नम्रता से (politely) कर सकते हैं। लड़ने की जरूरत नहीं है किसी से नाराज होने की जरूरत नहीं है, इरीटेट होने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट कंट्रोल कैसे करें, यह एक आर्ट है और यह आर्ट मास्टर करना बहुत कठिन है, श्रम साध्य भी है और उसके लिए आपको ज्ञान होना चाहिए। अगर आप अज्ञानी है, अगर आप नहीं जानते उस विषय को या विधि को तो हो सकता है कि जो बात आपको प्रारंभिक रूप से अच्छी लग रही है यद्यपि उसमें तथ्य नहीं है, उससे आप सहमत हो जाएं तो आपका बेसिक कन्सेप्ट विधि का बिलकुल स्पष्ट होना चाहिए, कि जो विवाद का विषय है, वह किससे संदर्भित है, उसके संदर्भ में विधि कहां मिलेगी और वह विधि है क्या। इतनी बातें अगर आप समझ सकें, तो आप धीरे–धीरे अपनी कोर्ट की जो प्रक्रिया है, उसमें पारंगत होते जाएंगे, इसके साथ साथ सी.पी.सी. और सी.आर.पी.सी. के साथ साथ आपको सिविल कोर्ट रूल्स एण्ड आर्डर्स (क्रिमिनल) यह डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जो बने हैं, इसकी जानकारी बहुत परम आवश्यक है। मैं कहूंगा कि इसमें इतनी विस्तार से सब बातें समझाई गई हैं कि किस प्रक्रिया को किस प्रकार से पालन करवाना है। वह प्रक्रियात्मक बात आपको सिर्फ सी. पी.सी. और सी.आर.पी.सी. में नहीं मिलेगी, इससे भी ज्यादा आपको इल्यूमिनेशन मिलेगा, इससे भी ज्यादा आपको प्रकाशन मिलेगा सिविल कोर्ट के रूल्स एण्ड आर्डर क्रिमिनल एण्ड सिव्हिल में हर स्थान पर हर चेप्टर के संदर्भ में आपको रूल्स एण्ड आर्डर में गाइडेन्स मिलता जाएगा, तो रूल्स एण्ड आर्डर (क्रिमि.) रूल्स एण्ड आर्डर सिविल में जिसे आजकल सिविल कोर्ट रूल्स कहते है। और सी.पी.सी. एण्ड सी.आर.पी.सी. इनका अध्ययन तो आप विशेष रूप से करें।

जब भी आप किसी क्रिमिनल साइड में काम करते हैं, (फौजदारी की तरफ) जब आप किसी अभियुक्त को सजा देते हैं, तो एक बात बहुत जरूरी मैं आपको विनम्रता से बताना चाहूंगा कि बहुत सीनियर जज़ेज भी इस बात में धोखा खा जाते हैं कि एक्चुअल पनिशमेंट दंड का जो माप है, वह कितना होना चाहिए यानी सजा का जो क्वांटम है, वह बहुत इम्पॉर्टेन्ट चीज है। आपके सारे फैसले को वह धूमिल कर सकता है अगर आपने सजा सही नहीं दी है और सजा के साथ–साथ आपको स्पष्ट रूप से यह भी बताना चाहिए कि किस अपराध में आप क्या सजा दे रहे हैं अगर कारावास के दंड के साथ–साथ अर्थदंड भी कर रहे हैं तो अर्थदंड डिफॉल्ट में वह कितनी सजा भुगतेगा। यह भी आपको स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। कारावास का दंड साधारण है या कठोर है, सश्रम है यह भी आपको अपने निर्णय में स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए। ऐसा नहीं लिख सकते हैं कि धारा 279, 337 में मैं दंडित करता हूं और 4 महीने और 600/– रुपये के अर्थदंड के दंडित करता हूं। चाहे वह मोटर व्हीकल एक्ट का भी केस हो, हर आफेन्स में आपने अलग–अलग क्या दंड दिया और कैसे कैसे आपने उसे दोषी पाया, यह आपके जजमेंट से स्पष्ट परिलक्षित होना चाहिए।

सिविल में जब आप डिक्री बनायें, जब आपने पूरा फैसला लिख दिया तो आप जब डिक्री बनाते हैं, जयपत्र बनाते हैं, तो उसमें यह बात स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए कि आपकी डिक्री में क्या–क्या निर्देश हैं, अगर आप उन को क्लाज़ वाइज़ 1, 2, 3, 4 एक दो तीन चार अलग–अलग टुकड़े में बांटकर लिखते हैं, तो आपको एक्झीक्यूशन के समय कभी दिक्कत नहीं होगी अगर जायदाद का झंझट है, लैन्ड का झंझट है, एन्क्रोचमेंट का झंझट है तो सबसे पहले जब प्लेन्ट आए, तब आप यह देखें, कि उसके साथ झगड़े वाली जगह का उचित मैप, केवल नजरी नक्शा कर के जो लगा देते हैं, कई बार और उसमें न कहीं बाउन्ड्री रहती है और न डिस्क्रिप्शन

रहता है न नाप रहता है और विवरण नहीं रहता है, वो तो नहीं लगा है अगर वो लगा है, तो आप उनसे आर्डर 6 नियम 5 सी.पी.सी. के अन्तर्गत विशेष बात पूछ सकते हैं बेटर पर्टीकुलर्स देने को कह सकते हैं। अगर आपकी डिक्री व्हेग (अस्पष्ट) रही, तो आप जब उसे एक्जीक्यूट करेंगे, तो either it would become inexecutable or would give rise to many complications further litigation and that would give you a great headache and then ..... आप जब निष्पादन कोर्ट की तरह काम करते हैं, तब डिक्री के पीछे (गुणावगुण देखना) जाने की बाध्यता आप पर बंधनकारी नहीं रहती है, इसलिए आप पीछे नहीं जा सकते हैं और उसको जैसे को तैसा निष्पादित नहीं कर सकते हैं क्योंकि उसकी जो शर्तें हैं, वह स्पष्ट रूप से उसमें लिखी नहीं रहती है तो जब आप खासतौर से सिविल में काम करें, तो डिक्री पर विशेष रूप से ध्यान दें, क्योंकि आपने फैसला तो कर दिया, लेकिन डिक्री वेग (अस्पष्ट) हुई, तो आपका अच्छे से अच्छा फैसला भी अपना महत्व और उपादेयता खो सकता है पक्षकारों के लिए भी और अपीलेट कोर्ट जिसमें उच्चतम न्यायालय है, उनमें आपके जजमेंट को एप्रीशिएट नहीं किया जावेगा। उनकी कीमत कम हो जाएगी, आपकी कीमत कम हो जाएगी। Judge is nothing but is shown by judgment, You are not known by your faces. most of the Judges good or bad are known by their orders and judgments.

जब लगातार किसी के अच्छे आर्डर आते हैं, तो मन में विचार यह होता है कि यह जज बहुत अच्छा है यानी मैं आपको नाम बताए बगैर कह सकता हूं कि एक जज साहब के लगातार अच्छे फैसले मिल रहे थे, लगातार उनकी अपीलें सुनने को मिल रही थीं, मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था, जब ट्रांसफर का मौका आया, जो वह सज्जन पहली बार मेरे पास आए और अपना नाम बताया, उनकी कुछ समस्याएं थी वह कुछ चाहते थे। मैंने उनसे सिर्फ एक सवाल किया कि आप कहां जाना चाहते है, आप मुझे बता दें। यथा संभव मैं आपको वहीं पदस्थ करने का प्रयास करूंगा अगर कोई विशेष कठिनाई हुई तो नहीं संभव होगा पर साधारण तौर से आपकी पदस्थापना वहां हो जाएगी, जहां आप चाहते हैं उस जज को मैं पहले से नहीं जानता था किसी किस्म से परिचय नहीं था और उन्होंने कुछ अपनी च्वाइस अपनी इच्छा जाहिर की, भाग्य से वह स्थान उनके लिए उपलब्ध था, उनकी वहां पदस्थापना हो गई। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि उन पर कोई एहसान हुआ, उनके काम ने उनका यह रिवार्ड दिया, उनको यह इनाम मिला, उसके लिए उनको अपना परिचय देने की जरूरत नहीं पड़ी कि मैं अच्छा काम करता हूं, मैं ईमानदार जज हूं, यह उनको कहने की जरूरत नहीं है यह उनके निर्णय और आदेश से स्पष्ट परिलक्षित था। बाद में मैंने और लोगों से भी उनके बारे में उनकी राय जानी, उनके मंत जाने, उनके डिस्ट्रिक्ट जज साहब ने, उनके पोर्ट फोलियो जज साहब से, सभी ने एकमत से यही कहा कि वह जज अच्छे हैं। तो इसका स्पष्ट मतलब है कि जब आप काम करते हैं, जो कागज में आप लिखते हैं, वह आपके बारे में एक आईना है एक तरह से जो आपका चेहरा दिखला देता है तो न्यायाधीश का आइना है उसके आर्डर और जजमेंट। जितने अच्छे मेहनत से आप करेंगे और जिस स्थिति में आज आप हैं, 2, 3 महीने चार महीने अभी आपको हुए हैं अगर आप 4, 5 साल लगातार मेहनत करेंगे, तो जैसे बैंक मे बैलेन्स बढ़ता है, अपनी जो कटौती करते हैं खर्च में और पैसे बैंक में जमा करते हैं, धीरे धीरे वह एक पूंजी बढ़ जाती है आपकी तथा वह आपके आपत्ति विपत्ति में काम आती है और आपके मन में सुरक्षा की भावना पैदा होती है। बिलकुल वही बात आपको न्यायाधीश की हैसियत से कठिन परिश्रम करने के पश्चात वही अनुभूति होगी। यह जो पूंजी आप इकट्ठी करेंगे, आज जो मेहनत करेंगे, वह मेहनत निश्चित रूप से 5 साल के बाद यह बात आप भी महसूस करेंगे कि जो आज 31 जनवरी 2001 को कही गई थी, वह कितनी बात सच है, इसका आप अनुभव करेंगे।

दूसरी तरफ आपके पास विकल्प यह है कि आप न्यायाधीश हो गये हैं आप दंडाधिकारी हो गये हैं, आपके पास अधिकार हैं आप उनका दुरुपयोग करें, अपनी छवि खराब करें, समाज में अपना नाम बदनाम करें आप संस्थान को भी थोड़ा सा लोगों की निगाह में नीचा लाए और एक ऐसी स्थिति होगी, जब आपकी विभागीय जांच शुरू होगी, शिकायत होगी और आपको दंड मिलेगा, आप लोगों के सामने गिड़गिड़ाते घूमेंगे, ऐसे भी न्यायाधीश है, मुझे कहने में बड़ा दुख हो रहा है, अच्छा भी नहीं लगता है उनकी बात सुनकर कई बहुत सीनियर है, लगभग साथ रहे हैं, पर जैसा मैंने आपको उदाहरण दिया अच्छे न्यायाधीश का, ऐसे भी न्यायाधीश हैं जो करीब करीब हमारे समकक्ष थे और आज करीब–करीब दर–दर भटक रहे हैं। अपने किसी पनिशमेंट की वजह से अपनी किसी दुरावस्था की वजह से । मेरा यह मानना है कि आप लोग बहुत भाग्यवान हैं कि आप एक ऐसी संस्था से एक ऐसी सेवा से आप जुड़े है कि जहां आप अच्छा काम करेंगे, सीधे रास्ते पर चलेंगे, तो आपको कोई परेशान नहीं करेगा। आपको जो आपके ड्यूज हैं साधारण तौर से काफी मात्रा में मिलते जाएंगे, आपसे किसी तरह की वांछा नहीं की जाती, कोई बहुत ज्यादा expectations नहीं है, सिवाय इसके कि जो आपकी अपनी ड्यूटी है, जो आपका कर्तव्य पालन है, वह आप ईमानदारी निष्ठा और मेहनत से करें। तीन बातें आपके लिए बहुत जरूरी है, अगर आपका न्यायाधीश का चरित्र नहीं है, तो मैं तो यह मानता हूं कि वह न्यायाधीश होने लायक नहीं हैं। **न्यायाधीश का चरित्र क्या है,** सबसे पहली बात है ईमानदारी। ईमानदारी में भी दो किस्म की ईमानदारी होती हैं, एक तो सीधा यह हैं कि आप प्रलोभन में पड़ गए और छोटे छोटे consideration में अपनी इज्जत खराब कर लें। दूसरा यह होता है कि आपके मित्र आ गये, आपके संबंधी आ गये, आपके और कोई परिचित आ गये आप किसी और दबाव में आ गये और आपने किसी खास किस्म का आदेश या निर्देश अपने न्यायिक अधिकारों के पालन में कर दिया, वह भी उसमें शामिल हैं। तीसरा यह है कि आपने काम न करने के लिए कोई वजह ढूंढी। अगर आप अपने कार्य को निष्ठा से नहीं कर सकते हैं, पूरी मेहनत से नहीं करते हैं, तो मेरे हिसाब से तब भी आप ईमानदार नहीं हैं तो जितना काम आपकी क्षमता के मुताबिक आप करने के लिए सक्षम हैं, उसको करने में पीछे नहीं हटें। आपसे कोई यह उम्मीद नहीं करता है कि आप अपनी क्षमता से अधिक काम करें, **लेकिन क्षमता से कम काम करना भी अपने आप में मेरे हिसाब से एक न्यायिक अविवेक का** काम तो है ही और न्यायिक अधिकारी को किसी भी किस्म का अविवेक करने का अधिकार नहीं है। अगर वह दूसरों के लिए न्यायदान का अधिकारी है, तो सबसे पहले उसको अपनी अन्तरात्मा के अंदर से यह बात महसूस करना चाहिए कि मैं जिस आसन पर बैठा हुआ हूं, उसके प्रति लोगों का सम्मान बढ़ें।

अभी जैसे मैंने कहा कि आप अपने आपको न्यायाधीश कहते हैं, तो लोगों के मन में आपपपके प्रति सम्मान जागता है, इसका कारण क्या है? इसका कारण सिर्फ यह है कि आपके पूर्वज रहे, 100 साल, डेढ़ सौ साल जब से यह संस्था चल रही है, उन्होंने कुछ पुण्य अर्जित किया, कुछ अपने लिए शुभेच्छा पैदा की अपने अच्छे काम से निष्पक्षता से ईमानदारी से कठोर परिश्रम से अपने लिए एक वातावरण बनाया 'ओरां, (aura) एक प्रभा मंडल बना, उस प्रभा मंडल का लाभ आप भी उसमें ले रहे हैं, क्योंकि आप उस संस्था से जुड़ गए है तो उस प्रभामंडल को बढ़ाओ, कम मत करो। उसको किसी किस्म से अगर आप कम करोगे, तो आप अपना और पूरी संस्था का नुकसान करते हैं। प्रभामंडल को बढ़ाने के लिए कोई बहुत अतिरिक्त प्रयास करना है, ऐसा नहीं है, वही निष्ठा, चरित्र और कठिन परिश्रम अगर आपने इतना किया, साधारण से, यहां पर बहुत super intelligent judges super personality की जरूरत नहीं है। जितनी हममें क्षमता है, जितनी हममें बुद्धि है, जितना हममें विवेक है, उसका अगर हम सदुपयोग करते हैं, कोई कारण नहीं है कि आप में से हर एक बहुत अच्छा न्यायाधीश बन सकता है नाम कमा सकता है और अपने लिए समाज में संस्था में अपने सुपीरियर्स में अपने

जूनियर्स में सब के मन में अपने लिए इज्जत पैदा कर सकता है। जब आपका नाम लिया जाता है, 5, 10 साल के बाद तो आपको महसूस होगा कि कुछ लोग आपका नाम आते ही मुस्कराने लगते हैं, यह मेरा एक व्यक्तिगत अनुभव है कि जब कभी कमेटी में फुल कोर्ट में कुछ जज़ेज का जब नाम आता है, तो लोग हल्का सा व्यंगात्मक मुस्कराते हैं जब उनका प्रमोशन का समय आता है, भले ही उनको प्रमोशन मिल जाए, भले उनके रिकार्ड में कुछ न हो, इसलिए वह शायद प्रमोशन के या किसी अन्य बेनीफिट के पात्र माने जायं, पर उनके प्रति जो लोगों के मन की भावना है, उनके सुपीरियर्स के मन की भावना है, वह बिलकुल स्पष्ट जाहिर होती है और दूसरी तरफ ऐसे भी न्यायाधीश हैं, जिनका नाम आने के पहले करीब–करीब यह कह दिया जाता है कि नहीं यह तो बहुत ही अच्छे जज हैं, न इनके रिकार्ड को देखने की जरूरत है और न ही इनकी कोई डिपार्टमेंन्टल इन्क्वायरी, व्हिजिलेन्स से भी पूछने की जरूरत नहीं है। Everybody at once on reflect, बिना किसी प्रयास के यह बोलता है कि नहीं यह तो बहुत अच्छा जज है। and within a second he is clear तो छवि दूसरे हिस्से की बनाईये जो बाद वाला उदाहरण दिया है आप सबकी छवि ऐसी बन सकती, है जब आपके बारे में यह कहा जाय कि इनके बारे में तो कुछ हो ही नहीं सकता। He is very good judge, judicial officer बोलते चालते मैं रूक गया, he is very good judge आपको यह ध्यान रखना है, प्रयास करना है, तो कोई कारण नहीं है कि **आप वहां तक न पहुंचे, जहां तक आपको भाग्य ले जाय लेकिन आपका परिश्रम ले जाय।** कोई और बाधा आपके रास्ते में नहीं आएगी ऐसा मेरा विश्वास है और आश्वासन है। आपका जहां तक। court conduct है it should be ideal. You should impeccable (निर्दोष त्रुटिहीन) dressed. impeccable dressed का मतलब यह नहीं कि आप बहुत मंहगे कपड़े खरीदें आप अपने कोट अपनी बैन्ड अपनी टाई अपने जूते चुस्त दुरस्त रखें साफ सुथरे रखें, क्योंकि यह आपको बड़ी मेहनत से प्राप्त हुए हैं, कई लोग कोट को कुर्सी के पीछे टांग देते हैं तो कुर्सी जज हो जाती है, और जज साधारण आदमी रह जाता है कोट पहनना किसी किस्म की हीन भावना नहीं है, कोट पहनने के लिए काला कोट आपको मिला है, बड़ी मेहनत से, यह तो आपने अर्जित (अर्न) किया है तो आप कुर्सी को इसका क्रेडिट क्यों देना चाहते हैं आप अपने अर्निंग को कोट पहनकर बैठिए मौसम अगर दुराग्रही भी है, तो भी अपनी इज्जत के पीछे अपने को सैक्रीफाइस करना चाहिए, कोट पहनिए, बराबर ड्रेस में आईये, पंच्युल्ऑल्टी बहुत जरूरी है। अपने ऊपर बहुतों का यह आक्षेप लगता है कि हम अदालत में उतना समय नहीं बैठते, जितना समय प्रिसक्राइबड है, निश्चित किया गया है। यह भी अपने आप में एक लांछन है। यह भी एक किस्म की बेईमानी है पाप है। मेरे हिसाब में अगर आप 11 से 5 नहीं बैठते हैं, आप अपनी कर्त्तव्य निष्ठा में चूकते हैं। आपको बराबर 11 बजे न्यायालय कक्ष में उपस्थित होना चाहिए, यह कोई बहाना नहीं है कि चूंकि पक्षकार नहीं आते या वकील साहेबान नहीं आते इसलिए हम 11 बजे नहीं बैठे। हाईकोर्ट ने भी आपको इस बात के लिए बहुत पाबंद कर दिया है कि आप समय पर बैठिए। समय–समय पर इसके बारे में सर्कुलर जारी होते रहते हैं, इन्स्ट्रक्शन्स मिलते रहते हैं, इसके बावजूद पाया जाता है कि जज साहेबान आदतन 12, साढ़े बारह बजे आते हैं, अगर आपके बारे में लोगों का यही ख्याल है, कि आप देरी से आते हैं, तो यह बात उन्हीं तक नहीं रहेगी। यह बात जरूर ऊपर तक पहुंचेगी और दूसरी बात इससे आपको स्वयं ही हीनता महसूस होगी कि आप वह काम नहीं कर रहे हैं, जो आपको करना चाहिए और इसका कोई कारण नहीं कि आप आदत बना लें तो 11 बजे क्यों नहीं बैठ सकते हैं और अगर आप समय पर पहुंच जाते हैं, तो बहुत सारी समस्याएं अपने आप निराकृत हो जाती हैं, बहुत से आक्षेप आप पर लगने ही नहीं पाते बहुत से डाँट फटकार से एवं बहुत सी कठिनाइयों से आपको मुक्ति मिल जाती है और अगर वकील साहेबान नहीं भी आए हैं, तो आप बहुत से केस जो दिन भर के लिए लगे हैं, उनको देख सकते हैं, उनके बारे में अपनी जानकारी बढ़ा सकते हैं जिससे कि जब वह मामला शुरू हो, तो आपका उतना समय बच जाएगा। अगर आपका मुकदमा

पढ़ा हुआ है तथा रिकार्ड देखा हुआ है तो distinct advantage इस बात में है कि आप समय पर बैठें और यह सिर्फ आदत डालने वाली बात है अगर आपने आदत डाल ली है कि हम साढ़े ग्यारह बजे आएंगे या सवा 11 बजे आएंगे या 11 बजे नहीं आएंगे, तो आप 11 बजे नहीं आ पायेंगे सिर्फ आपको मानसिक दृष्टिकोण बनाना है कि हमको समय पर उपस्थित होना है। आजकल तो साढ़े दस बजे उपस्थित होने का है तथा जज़ेज को अब वाहन भी मिलने लगे हैं, तो संभवतः अब इसमें ज्यादा व्यवधान नहीं होता होगा समय पर आने में। समय से उठना भी उतना ही जरूरी है। आप यथा संभव सारा काम निपटाकर फिर बोर्ड से उठें। आप बार–बार चेम्बर में जायें या चेम्बर में बैठकर किन्हीं भी व्यक्तियों से इधर उधर की बातचीत करें, इससे भी कोई लाभ नहीं है। यथा संभव किन्हीं व्यक्तियों को भी चेम्बर में नहीं आने दें। अपने काम से मतलब रखें। 11 से 5 आपका काम खत्म हो गया, आप घर जाइये और अपने परिवार के साथ, समाज के साथ आपके जो सामाजिक कमिटमेंट हों, उनको पूरा करें। पुलिस के साथ भी आपकी अनावश्यक मित्रता या कॉर्डियालिटी नहीं होनी चाहिए, जितना संभव हो, यथा संभव अत्यंत आवश्यक हो तो ही आब्लिगेशन लें, वरना साधारण तौर से न लें। यह एक ऐसी प्रथा है, जिससे हमारे न्यायाधीश बंधुओं को बाद में बहुत कष्ट होता है, कईयों को बहुत कष्ट होता है। सबको होता है ऐसा तो नहीं है, पर ज्यादातर कष्ट के पात्र हम तब बन पाते हैं, जब इस किस्स के छोटे मोटे प्रलोभनों में पड़कर उनसे हम एहसानमंद हो जाते हैं फिर उनकी कोई न कोई गलती या कोई इरेग्युलर या इल्लीगिल बात को आपको पूरी करनी होती है and that leads you to complications and troubles.

बोर्ड डायरी जहां तक हो अपने कंट्रोल में रखें, उसमें जो क्लासीफिकेशन है, जो फिर आपको रूल्स एण्ड ऑर्डर सिविल में मिलेगा, और संभवतः क्रिमिनल में भी मिलेगा, उसके मुताबिक आप डायरी में क्लासिफिकेशन कर लें और उतने ही मुकदमें लगाएं, जितने आपके लिए एक दिन में सुनवाई करना संभव हो। बहुत ज्यादा मुकदमें लगा लिये हैं, या बहुत कम लगा लिये हैं, तो दोनों ही स्थितियों में आपको परेशानी होगी और तीसरी बात यह है कि जो ऑर्डर शीट है, इम्पोर्टेन्ट ऑर्डर शीट खास तौर से वह आप अपने हाथ से लिखने का प्रयास करें, आपका प्रस्तुतकार तो क्रिमिनल साइड का एवं सिविल साइड का है, वह नार्मली आपको अट्रैक्ट करता है कि आप रहने दीजिए यह मैं लिख दूंगा। यह बड़ा प्रलोभन होता है कि जितना भी काम बंट जाय या कम हो जाए, वह ज्यादा अच्छा है। पर that is a trap (नोट – कैसेट को पलटने में लगे समय के कारण कुछ वाक्य अंकित नहीं हुए हैं) तो भी आपका नाम धूमिल होगा, क्योंकि उसको संस्था की उतनी परवाह नहीं है, सभी के बारे में यह बात लागू नहीं होती, कुछ अच्छे आपके, स्टाफ मेम्बर हो सकते हैं, वह बहुत ईमानदार भी हो सकते हैं, बहुत से अपने काम के प्रति निष्ठावान भी होते हैं, पर हम सावधानी बरतें। पर अपना कर्त्तव्य है कि उसके लिए यह मौका ही न रखें, कोई गुंजाइश न छोड़े यह अपने लिए बहुत जरूरी है तो जो ऑर्डरशीट है, वह अपने हाथ से लिखें और बोर्ड डायरी पर अपना कंट्रोल कितना है मतलब आपने अपने काम का सुचारू रूप से उसका कितना वर्गीकरण किया है, उसको कितना बांटा है और कितना काम आप दिन भर में कर सकते हैं और कितना काम लगाते हैं और करते हैं, इस पर आपकी efficiency depend करती है। अच्छे ऑर्डर लिखना, अच्छे जजमेंट लिखना तो आपके लिए जरूरी है ही यह बातें administrative side में परम आवश्यक हैं।

आजकल बहुत बार देखने में आता है कि जो फाइन एमाउन्ट है वह आपका क्रिमिनल रीडर एम्बेझल कर लेता है। instructions के मुताबिक फाइन एमाउन्ट की जिम्मेदारी कोर्ट के प्रिसाइडिंग मजिस्ट्रेट की होती है प्रिसाइडिंग ऑफीसर की होती है यानी तथ्यतः विधि अनुसार आप फाईन एमाउन्ट में और कोर्ट में जो प्रॉपर्टी आती है, जिसको मुद्देमाल कहते हैं, किसी भी दांडिक मामले में जो संपत्ति जमा होती है, उसकी safe custody के लिए आप स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं तो इसलिए जब आप फाईन का एमाउन्ट जमा करायें, तो हर दिन चालान और फाईन रजिस्टर ए एवं फाईन रजिस्टर बी की इन्ट्री चेक करना आपके लिए

परम आवश्यक है। वरना नीचे क्या हो रहा है, इसका अंदाज आपको वर्षों तक नहीं लगता। पांच–पांच साल तक बहुत अच्छे मजिस्ट्रेट जज साहेबान को उनके प्रस्तुतकार जो बहुत अच्छे बर्ताव वाले थे, एक तरह से धोखा दे रहे थे और उन जज साहबान को अल्टीमेटली परेशानी का सामना करना पड़ा तो ऐसे घटनाएं अब कुछ बढ़ ही रही है इसलिए आप लोगों को चाहिए कि जो फाइन एमाउन्ट है और मुद्देमाल संपत्ति आये, उसका ध्यान रखे। सिविल कोर्ट डिपाजिट और वाउचर बनाना वगैरा बनाने के संबंध में नियम दिए हैं, डिटेल्स दिए हैं उसके मुताबिक सारी कार्यवाही की जा रही है कि नहीं, नायब नाजिर, नाजिर और आपके प्रस्तुतकार यह लोग उसका पालन कर रहे हैं, या नहीं इसे देखना आपके लिए परम आवश्यक है। अगर रिपेमेन्ट हो जाता है या रिपेमेन्ट रुकता है या डिपाजिट रुकता है, तो भी उसका लांछन उसका ब्लेम आप पर आता है, इसलिए इन बातों को ध्यान रखें और प्रस्तुतकार, अभिभाषक, सरकारी अभिभाषक, पुलिस प्रासिक्यूटर इन पर अवांछनीय विश्वास न रखें।

विश्वास हर व्यक्ति का करना चाहिए लेकिन हर एक आदमी को जांच परख कर एक निश्चित सीमा तक यथा संभव अपने को उनसे एक respectable दूरी बनाकर रखनी चाहिए। अभिभाषकगण से भी अनावश्यक संबंध बढ़ाना उचित नहीं है। वह भी बहुत respectable लोग होते हैं, आप भी उनके respected हैं। आपके सम्मान और उनके सम्मान में कोई clash नहीं है, कोई संघर्ष नहीं है पर उनका क्षेत्र अलग है। आप उस profession, उस व्यवसाय से अभी तक जुड़े थे, अब आप इस तरफ आ गये है, आपको यथासंभव दूरी बनानी होगी ताकि आपकी छवि, आपके नाम पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। किसी भी व्यक्ति से हटकर न्यायाधीश का जो पद होता है वह कुछ न कुछ अपने पास sacrifice कुछ न कुछ restraint, self-restraint चाहता है। आपका sacrifice एवं self-restraint यह है कि आपको दूसरे लोगों से अलग हटाकर रखना होगा, आपको अपनी एक परिधि में बांधना होता है, स्वयं को। उसे कोई और नहीं बांधता है एवं स्वयं को उससे बंधना होता है और इसके लिए आवश्यक यह है कि आप किसी से अनावश्यक मेलजोल न बढ़ायें। अदालत और अस्पताल एक ही जगह है, जिनका अगर आज मामला या बीमारी नहीं है, तो कल हो सकती है, और ज्यादातर कुछ न कुछ परेशानी, कुछ न कुछ बीमारी होती ही है, अदालती कार्यवाही भी होती है, और तब उनसे आपको मेल मुलाकात होगी साधारणतः अपेक्षा यही होगी कि आप किसी न किसी रूप में उनको उपकृत्य करेंगे अपनी जान पहचान का बदला वह आपसे प्राप्त करने की कोशिश करेंगे, तो इसलिए बेहतर यही है कि लगातार इतनी दूरी बनाये रखें कि निरपेक्ष भाव से चाहे, उसका मुकदमा है या नहीं, वह हमसे किसी किस्म की स्वतंत्रता, छूट लेने की हिम्मत ही न करे। अपेक्षा भी न करे, तो यह सब बात आपको ध्यान में रखना है। सबसे बड़ी बात यह है कि जैसे मैंने बताया कि आपको अध्यवसाय आपका परिश्रम आपको आगे ले जाएगा, जितनी आप मेहनत करेंगे, उतनी ही आपकी छवि में निखार आएगा, नहीं करेंगे, तो भी आपकी नौकरी बरकरार रहेगी, शासकीय सेवा है लेकिन आप लोगों का नाम आने पर लोग शायद हल्का मुस्कुरायेंगे और वह मुस्कुराहट बहुत साइलेन्स की नहीं होगी, व्यंगात्मक होगी तो आपकी इच्छा है कि आप कौन सा पथ चुनना चाहते हैं, कौन सा रास्ता आप अपनाना चाहते हैं। यह तो आपकी इच्छा पर है। सभी लोग एक ही रास्ते को चुनेंगे, यह अपेक्षा नहीं है। अवसर मुझे मिला है, तो मैं यह चाहूंगा कि आप सब वैसा रास्ता चुनें, जो मैंने पहले बताया कि आपका नाम आते ही यह कहा जाय कि नहीं यह बहुत अच्छे न्यायाधीश हैं, इनके बारे में कोई विवाद नहीं है, अच्छा काम करते हैं, ईमानदार हैं, निष्पक्ष हैं। और बार मेम्बर भी आपके बारे में अपनी धारणा बहुत जल्दी बनाते हैं।

वह एक ऐसा व्यवसाय है जो न केवल आपकी कार्यप्रणाली से आपके चरित्र से बल्कि आपकी पूर्व history से पूर्व इतिहास से भी पूर्ण रूप से परिचित होते हैं, जब आप कहीं स्थानांतरण पर जाते हैं, आपको

पता नहीं चलेगा, लेकिन उसके पहले आपकी ख्याति वहां पहुंच जाएगी तो आप अपनी ख्याति ऐसी बनायें कि लोग कहें कि नहीं हमारे जिले में हमारी तहसील में हमारे स्थान पर ऐसे न्यायाधीश आ रहे हैं जिनके सामने किसी भी किस्म की पराक्रम संभव नहीं होगा, ईमानदारी से वह काम करेंगे और निष्पक्ष रूप से न्याय करेंगे तो इस अपेक्षा के साथ आपका, नामजोशी साहेब का, बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं मैं और अपेक्षा करता हूं कि आप सब नामजोशी साहब का नाम ऊँचा करेंगे, आपको डायरेक्टर ऐसे मिले हैं, जो स्वयं में केवल कर्त्तव्यनिष्ठ न्यायाधीश के रूप में जाने जाते हैं, इसका फल मालूम है आपको? इसका फल है, कि 4 साल हो गये, 5 साल हो गये और अगले साल भी इनकी इच्छा पर कि आप जाना चाहते हैं क्या? यह भी दूसरे उदाहरण है, जिनसे पूछा जाता है कि भाई आप रहे, तो कोई परेशानी तो नहीं है और जाना चाहते हैं तो कहां जाना चाहत हैं और नहीं जाओ तो कोई हर्ज है क्या? यह request की जाती है तो स्थान बनाने पर है। यह जो मेहनत करते हैं यह तो जनरल निकालते हैं, जो उसके लिए मटेरियल इकट्ठा करते हैं, इस अपेक्षा से करते हैं कि इनके छोटे भाई आप लोग और हम लोग भी इससे benefit लें इनकी ज्योति जनरल आती है, हम लोग भी देखते हैं कुछ उसमें से हम भी नोटिंग करते हैं और मैं समझता हूं कि हमारे और भी न्यायाधीश करते होंगे। इनने जो मेहनत की है, जो लगन निष्ठा अकेले के दम पर यह Institute चल रही है, बिना किसी व्यय के, बिना खास व्यय के। वह इनको इसकी आवश्यकता नहीं है यह भी आराम कर सकते है 20 पन्ने, 40 पन्ने, 60 पन्ने की जगह 10 पन्ने की ज्योति निकाल सकते हैं। उससे इन्हें कोई अपना व्यक्तिगत स्वार्थ उससे सिद्ध करना है, ऐसा नहीं है, वह आपकी भलाई के लिए हम सबकी भलाई के लिए संस्था की भलाई के लिए काम कर रहे हैं और यह भलाई तभी हो सकती है जिसकी भलाई के लिए यह किया जा रहा है, उसका लाभ उठाए नहीं तो it is a one sided effort if it is not fought not fought it will be futlle, he will be making an effort, but then that effort would not bear fruit unless. पानी देने वाला, पेड़ में सींचता है, लेकिन मौसम अनुरूप न हो अगर पौधा अच्छा नहीं, उसमें घुन लग जाए तो उसके लिए कोई इलाज नहीं है तो आपको चाहिए कि जो मेहनत यह करते है, आपके साथ जो बात बताते है, उसको विशेष ध्यान से सुने, उसको हृदयांगम करें मतलब उसके दिल से महसूस करें, तभी होगा।

यह जो भाषण होता है, जैसे कि मैं भी भाषण दे रहा हूं, भाषण का महत्व तब तक कुछ नहीं है जबकि कि आप इसे महसूस न करें, कि यह बात वाकई में हमको मानना चाहिए, समझनी चाहिए और इसका लाभ लेना चाहिए। भाषण तो बहुत से हो सकते हैं, उसका कोई खास मतलब तब तक नहीं निकलता है, जब तक सुनकर उसका प्रभाव न हो या उसको अपनाने की कोशिश न करें। अगर आपके मन में यह धारणा है कि चूंकि अब हम सर्विस में है, एक respected service में है इसलिए आज से हमारे प्रयासों की हर किस्म से इतिश्री हो गई, तो आपको दुनिया में कोई लाभ किसी के द्वारा प्राप्त नहीं हो सकता है चाहे नामजोशी साहब हो, आपके डिस्ट्रिक्ट जज साहब हो चाहे इन्सपेक्टिंग जज साहब हो या कोई और हो जब आपके मन में इच्छा होगी कि हमें कुछ सीखना है, आगे बढ़ना है, प्रयास करना है शायद आपके बिना मांगे आपको बहुत सा सहयोग मिलेगा। जो बिना प्रयास के सहयोग मिलता है उसका तो लाभ उठाए। अगर आप प्रयासरत होंगे, तो और जो सहयोग की आप अपेक्षा करेंगे, वह सहयोग भी आपको प्राप्त होगा कई आपके सीनियर होंगे कई आप के डिस्ट्रिक्ट जजेंज होंगे, वह सब आपको गाइड करेंगे, आगे बढ़ने में आपकी मदद करेंगे।

PRACTICE IS THE BEST OF ALL INSTRUCTORS.

HELLO CITATIONIST !

CITATION OF CASE-LAW

Chief Justice (Rtd.) G.D. Khosla

There are many lawyers who seem to think that there is some magical charm in certain combinations of letters and figures and when they have uttered a few formulae like A.I.R. 2050 Bombay 231 or I.L.R. 1742 Calcutta 561, they have done all they need do to win their client's case. They have such complete confidence in the mysterious power of reported cases that **they do not trouble to study the relevant provisions of the statute in question, or to master the fundamental principles of law.** I knew a lawyer of great ability who was possessed of such a retentive memory that he could cite more than a thousand cases without referring to his notes or printed books. He was pestered by young men in the profession who wanted an "open sesame" to unlock the door of their difficulties. They were more anxious to be told the answer to their problems than difficulties. They were more anxious to be told the answer to their problems than Learn a way whereby the solution could be arrived at by their own efforts. This attitude of mind is due in part to the sanctity with which we invest the printed word and to the circumstance that our legal system has been to a large extent influenced by English law and procedure. The English common law is almost entirely based on precedents and a judicial decision has the same importance as the words of a statute. **But even there unintelligent and mechanical citation of cases is deprecated by the judges.** An eminent member of the High Court Bench in England often showed his impatience with lawyers who, instead of relying on well established principles of law or arguing their cases in a logical manner. had a habit of merely displaying a string of authorities. "Tell me what the point is," he would say, "and don't keep on shouting at me Q. B.D. so and so, K.B.D. so and so or I shall be driven to say U.B.D. (you be damned) so and so."

हमारे आदेश का मूल्यांकन जब वरिष्ठ न्यायालय करेगा तो उसे विषयवस्तु सहित आपके द्वारा पारित आदेश के कारण भी स्पष्टतः समझ में आ जाएंगे व अनावश्यक रूप से प्रकरण रिमांड होने से बच जाएगा। (रिमांड विषय पर पृथक से लेख लिखा जा रहा है।) आप कह सकते हैं कि यदि इतना सब करेंगे तो हम काम क्या करेंगे। वाह भाई, वाह। आपकी आपत्ति सव्यय निरस्त करने योग्य है। ऐसा नहीं है। प्रारंभिक रूप से इस प्रकार की तैयारी करने में प्रतिदिन मुश्किल से आधा घंटा लग सकता है लेकिन एक बार गाड़ी लाईन पर आ गई तो फिर क्या कहने है। फर्राटे से दौड़ेगी। किसी परिश्रम की आवश्यकता ही नहीं होगी। बस! आदत में शुमार होते ही सब काम आसानी से बिना प्रयास के प्रभावी रूप से होगा। फलदार वृक्ष की एक बार देख रेख ठीक से कर लो तो सम्पूर्ण सीजन में शानदार फसल प्राप्त होगी जो प्रारंभिक देखरेख के लिए लगने वाले समय एवं लागत की तुलना में जो प्राप्ति होगी वह आशा से बहुत ज्यादा होगी। आपके परिश्रम का प्रत्युत्तर वृक्ष बढ़चढ़ कर देखा। याद रखना तंग करने, परेशान करने वाली कार्यवाही हेतु, विचारण (फेयर ट्रायल) पर प्रतिकूल, प्रभाव डालने हेतु अथवा उलझन, विलंब करित करने हेतु अथवा दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही हेतु जो आवेदन पत्र प्रस्तुत होते हैं उनका निराकरण करते समय धारा 35, 35ए एवं धारा 35बी व्य.प्र.स. के आवश्यक प्रावधान भूलने से काम नहीं चलेगा। वह चाबुक है घोड़े को ठीक से चलाने हेतु। विश्वास करो परिणाम जन्य अवसर आपकी राह देख रहे हैं। तो चले! शुरू हो जाए, इसको भी आजमा लें।

●

SOW A **THOUGHT** AND YOU REAP AN **ACT;**
SOW AN **ACT** YOU REAP A **HABIT;**
SOW A **HABIT** YOU REAP A **CHARACTER;**
SOW A **CHARACTER** AND YOU REAP A **DESTINY**

धारा 25 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

धारा 25 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 जिसे अंग्रेजी में Negotiable Instruments Act, 1881 कहा जाता है का संबंध प्रत्यक्षतः हमें नहीं आता है; लेकिन समाचार पत्रों में इस धारा का उल्लेख करके राज्य केन्द्र सरकार द्वारा अवकाश घोषित करने का समाचार अवश्य पढ़ते हैं। तत्पश्चात जो याद रहता है वह यह कि अब किस तारीख का अवकाश घोषित किया है। बहुत बार सोचते हैं कि ये धारा होती क्या है जिसके अंतर्गत भी अवकाश घोषित किया जाता है। सोचते जरूर हैं लेकिन विचारते नहीं हैं। अभी 1 एवं 2 अप्रैल को रविवार एवं रामनवमी का सार्वजनिक अवकाश है व बैंक आदि के लिए वार्षिक लेखा बंदी हेतु बैंकों को दि. 3 का अवकाश है। लेकिन राज्य शासन ने आज ही उक्त धारा के अंतर्गत घोषणा की कि अब लेखा बंदी 1 अप्रैल को होगी व 3 अप्रैल कार्य दिवस होगा। मन में प्रसन्नता हुई कि वेतन मिल जाएगा। इस प्रसन्नता से अभिप्रेरित हो कर सोचा कि इस धारा पर भी एक संक्षिप्त टीप लिख दी जावे। मैं स्वयं ऐसा ही करता रहा हूँ कि धारा 25 क्या है बाद में देखेंगे अभी तो अवकाश घोषित हुआ है मजा करो। मजा तो करते ही रहेंगे लेकिन कुछ चिंतन भी हो जाए।

धारा 25 अंग्रेजी में इस प्रकार है–

25- WHEN DAY OF MATURITY IS A HOLIDAY

When the day on which a promissory note or bill of exchange is at maturity is a public holiday, the instrument shall be deemed to be due on the **next preceeding business day.**

Explanation : The expression 'public holiday' includes sundays and any other day declared by the Central Government, by notification in the official Gazette, to be a public holiday.

हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है–

25. जबकि परिपक्वता का दिन लोक अवकाश दिन है- जबकि वह दिन, जिसको कोई वचन पत्र या विनिमय पत्र परिपक्व हो जाएगा लोक अवकाश दिन हो तब लिखत **निकटतम पूर्व कारोबार वाले दिन** शोध्य समझी–जाएगी।

स्पष्टीकरण - "लोक अवकाश दिन" पद के अन्तर्गत रविवार आता है और ऐसा कोई भी अन्य दिन, आता है जिसे केन्द्रीय सरकार ने शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा लोक अवकाश दिन घोषित किया है।

उपरोक्त धारा में महत्वपूर्ण शब्द है– Public holiday (लोक अवकाश दिन), Next preceeding (निकटतम पूर्व), business day (कारोबार वाला दिन)।

लोक अवकाश दिन में रविवार भी सम्मिलित होगा यह बात स्पष्टीकरण के रूप में उक्त धारा में जोड़ी गई है। अर्थात यदि कोई वचन पत्र या विनिमय पत्र उस अवकाश के दिन परिपक्व हो जाता है तो उस दिन के निकटतम पूर्व कारबार वाले दिन शोध्य माना जावेगा। यदि एक विनिमय पत्र रविवार को शोध्य होता है तो शनिवार को शोध्य माना जावेगा व शनिवार को भी यदि लोक अवकाश है तो शुक्रवार को शोध्य माना जाएगा।

यह प्रावधान धारा 10 जनरल क्लाजेस एक्ट के ठीक विपरीत दिशा का होने का आभास मिलता है ऐसी ही बात धारा 4 मर्यादा अधिनियम के विषय में भी कही जा सकती है। उक्त धाराओं में यह प्रावधान है कि जो कार्य जिस दिन किया जाना है व जिसके लिए मर्यादा काल निर्धारित है वह कार्य अगले कार्य दिवस (next working day) पर किया जा सकता है।

कार्य दिवस की परिभाषा **व्यंकट रमैय्या के लॉ लॅक्सिकन** में इस प्रकार बताई है –

Working day means the part of a day during which work is carried on. Therefore, to find the working day, one must find what are the customory or ordinary hours worked either at a particular place or in a particular trade. Half day working of the mills should be, counted as full day for the purposes of computation of period.

कारोबार वाला दिन को इसी दृष्टिकोण से लिया जावे तो इसका अर्थ होगा जहां पर वचनपत्र या शोध्य पत्र परिपक्व होने पर दर्शित करना है उस स्थान (क्षेत्र) में कारबार का दिन कब है, अथवा नहीं है इस पर निर्भर करेगा। यदि बैंक शनिवार को आधे दिन का कारोबार करती है तो वह कारोबार का दिन ही कहलाएगा। अथवा जहां कारोबार शाम के समय होता है वहां कारोबार का दिन तब कहलाएगा। यह बात भी मर्यादा अधिनियम की धारा 4 के ठीक विपरीत लगती है। उसके स्पष्टीकरण में कहा है कि न्यायालय इस धारा के अर्थ के भीतर, उस दिन बंद समझा जाएगा जिस दिन वह अपने काम के नियमित काल के किसी भी भाग में बंद रहे। तब न्यायालय पुनः जब कार्य के लिए खुलेगा (Re-open) तब कार्यवाहियाँ प्रस्तुत की जा सकती है। धारा 25 में कारोबार दिन (Business day) का प्रयोग इसलिए हुआ कि वचनपत्र अथवा विनिमय पत्र का संदर्भ व्यापारिक लेन–देन के क्षेत्र में होता है तथा बैंक एवं कोषालय का कार्यक्षेत्र भी व्यापारिक लेन–देन से संबंधित होता है इसीलिए कोषालयों के अवकाश के लिए भी आवश्यकतानुसार संदर्भ धारा 25 परक्राम्य लिखत अधिनियम का आता रहता है।

अवकाश (Holiday) भी परिभाषित किया जा सकता है। अवकाश दिन वह दिन है जिस दिन सम्पूर्ण कार्य गदिवस या उसके किसी नियमित काल के किसी भी भाग में कार्य निष्पादन निलंबित होता है। ऐसा निलंबन विधिक निलंबन होगा। लेकिन उक्त परिभाषा के आधार से व्यापार कारबार के रूप में ऐसा निर्वचन किसी भी भाग में कार्य निष्पादन निलंबन से नहीं हो सकेगा। क्योंकि धारा 25 का लाभ हो तब ही मिलेगा जब व्यापार के सामान्य कारोबार के अंतराल में पूर्ण अवकाश घोषित किया है। अतः जब व्यापार कारोबार किसी दिन कुछ ही घंटों के लिए होना हो तब यदि शेष अवधि के लिए जिस के लिए कार्य निलंबित किया हो लेकिन कार्य निलंबन के लिए धारा 25 का सहारा लिया हो तब ऐसा विचार हो सकता है। लेकिन धारा 25 का लाभ तब नहीं मिलेगा जब उस रोज कार्य होना है चाहे कुछ समय के लिए ही होता है व धारा 25 का नोटिफिकेशन न हो धारा 25 परक्राम्य लिखत अधिनियम में Due अर्थात देय शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ Payable भी है।

अब प्रश्न यह शेष रह जाता है कि यदि वचनपत्र अथवा विनिमय पत्र के संबंध में धारा 25 परक्राम्य लिखत अधिनियम. के प्रावधान लागू हो व कोई रकम ऐसे विलेखों के आधार पर देय हो तो उक्त स्थिति में मर्यादा काल क्या होगा। जैसे कोई रकम वचन पत्र या विनिमय पत्र दिनांक 02 अप्रेल 2001 को देय हो व उस दिन लोक अवकाश हो तब वह 01 अप्रैल 2001 को देय होगा। उस दिन भी लोक अवकाश है तो वह 31 मार्च 2001 को देय होगा इस विषय पर चिंतन के लिए पराक्रम लिखत अधिनियम की धारा 22 को देखें जिसमें परिपक्वता एवं अनुग्रह दिवस को बताया है। साथ ही इसी अधिनियम की धारा 23,24, 30 91 से 98 देखना होगा जहां वचनपत्र अथवा विनिमय पत्र का अनादर होता है के विषय में बताया है। मर्यादा अधिनियम की धारा 12, 15 अनुच्छेद 21 तथा अनुच्छेद 31 से 40 तक को भी देखना होगा। यह चिंतन विस्तार लिए होगा जो यहां संभव नहीं है, पृथक लेख का विषय हो सकता है। लेकिन धारा 30 परक्राम्य लिखत अधिनियम इस विषय को अधिक सुस्पष्ट करती है। इस लेख का मुख्य उद्देश्य धारा 25 क्या है। यह बताने का था।

●

रिमांड (प्रतिप्रेषण) द्धारा प्रकरणों का निपटारा

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

यह लेख रिमांड के सिद्धांतों को प्रतिपादित करने के लिए नहीं है ना ही यह बताने का प्रयास है कि विश्लेषणात्मक रूप से उसकी प्रस्तुति क्या हो सकती है। इस लेख द्वारा यह बताने का प्रयास मात्र है कि अपील कोर्ट के रूप में हम किस मानसिकता से कार्य करते हैं। म.प्र. न्यायिक सेवा में एक लोकोक्ति कई दशकों से प्रचलित है। अपील कोर्ट के विषय में कहा जाता है कि कुछ न्यायाधीश **बहालीराम** होते हैं तो कुछ **पलटूराम** तो कुछ **रिमांडीराम**। जब तक अपीलेट कोर्ट में अंग्रेजी में निर्णय आदि लिखने का प्रचलन था तब एक लोकोक्ति और चलती थी वो ये कि यदि अधीनस्थ न्यायाधीश ने निर्णय अंग्रेजी में लिखा है तो अपील न्यायालय वही बात हिन्दी में लिख देगी व यदि विचारण न्यायालय ने निर्णय हिन्दी में लिखा है तो अपील कोर्ट अंग्रेजी में लिख देगी। चूंकि अंग्रेजी का प्रचलन लगभग समाप्त हो गया है तो हर कोई अपनी अपनी बोल–चाल की भाषा में काम करता है।

रिमांड के संबंधी में आ. 41 नि. 23 से 26ए तक तथा नि. 28–29 एवं आ. 41 नि. 27 के अंतर्गत अतिरिक्त साक्ष्य आदि के महत्वपूर्ण प्रावधान है। न्यायालय का विवेक है कि उसका प्रयोग करे। न्यायिक विवेक की अपेक्षा की जाती है न कि मनःपुतम् समाचरेत की।

अनुभव ये आता है कि तुच्छ बातों पर से भी रिमांड का आदेश दिया जाता है जबकि प्रकरण को रिमांड करने के अधिकार अत्यंत सीमित है। कभी–कभी तो यह भी अनुभव हो सकता है कि रिमांड की कार्यवाही न्यायालय द्वारा स्वप्रेरणा से प्रायोजित तो नहीं कराई है।

आ. 41 नि. 23 एवं 23 क के अंतर्गत रिमांड की सीमा किसी प्रारंभिक बिंदु (केवल प्रारंभिक वाद प्रश्न मात्र नहीं) पर विचारण न्यायालय ने प्रकरण निराकृत कर दिया है तो अपील न्यायालय उस बिंदु को अपीलार्थी के पक्ष में निर्णित करती है तो शेष विषयों पर निर्णय हेतु प्रकरण रिमांड किया जा सकता है। लेकिन आ. 41 नि. 24 एवं 25 का विस्तार तो और भी अधिक सीमित, संकुचित है। उक्त प्रावधानों के साथ नि. 26–28–29 के अंतर्गत कार्यवाही हो सकती है। अपील न्यायालय सीमित विषय पर साक्ष्य लिपिबद्ध करने हेतु विचारण न्यायालय को निर्देशित कर सकती है व निष्कर्ष विचारण न्यायालय से आहूत कर अपील का निराकरण करा सकती है। यही बात आ. 41 नि. 27 के प्रावधानों के अंतर्गत भी हो सकती है। अपील न्यायालय को भी साक्ष लेने का अधिकार है। लेकिन हम यह सोचते हैं कि एक पन्ने आदेश लिखकर अपील का निराकरण करो व फुर्सत पा लो। यूनिट मिल जाते हैं तथा दिखाने को व बताने को यह कि हमने ढेर सारी अपीलें निराकृत की है। कमाल तो तब होता है कि धारा 125 दं.प्र.स. के कार्यवाही के अंतर्गत अंतरिम भरण पोषण भत्ते के आवेदन पत्र पर पारित आदेश के विरूद्ध रिवीजन में भी रिमांड हो जाता है या कि अस्थायी निषेधाज्ञा के आवेदन पत्र पर पारित आदेश के विरूद्ध रिमांड हो जाता है। कभी–कभी यह भी प्रतीत होता है कि अधिवक्ता गण भी ऐसे आदेशों के विरुद्ध वरिष्ठ न्यायालय में कार्यवाही नहीं करते। अभी कुछ दिन पूर्व में सुनने को मिला कि निष्कासन के एक प्रकरण में अपील हुई, उसमें संशोधन आवेदन पत्र प्रस्तुत हुआ जो स्वीकार कर रिमांड किया गया। उच्च न्यायालय में रिमांड आदेश को चुनौती नहीं दी गई अपितु संशोधन स्वीकार करने के मुद्दे को मात्र चुनौती दी गई।

ऐसा नहीं है कि प्रकरणों का रिमांड करना ही नहीं चाहिये। कभी–कभी औचित्य पूर्ण आधारों से रिमांड किया जा सकता है। लेकिन यदि कार्य अभिमुख (वर्क ओरिएन्टेड) के बजाय यूनिट अभिमुख (यूनिट ओरिएन्टेड) लक्ष्य के साथ कार्य किया जाता है तो बहुत कठिनाई होती है। प्रथम बात तो ये कि तुच्छ कारणों से रिमांड पर फाईल विचारण न्यायालय को भेजी गई। 15-20 साल पुरानी फाईल पुराने नंबर पर पंजीकृत हुई। यदि आ. 41 नि. 26 ए के अंतर्गत पक्षकारों को विचारण न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश न हो तो विचारण न्यायालय की स्थिति और भी खराब। पक्षकारों को आहूत करने की प्रक्रिया शुरू करना। उसी में सालों निकल जाते हैं। (इस विषय पर पृथक से लेख लिखा है) ऐसा करने से अपिलेट कोर्ट को क्या सॅटिसफेक्शन (संतोष) मिला? केवल यह भ्रम कि उसने अपील को निपटा दिया; ये तो कमजोर मन का लक्षण है। जहां ऐसी छबि कुछ न्यायाधीशों की बनने लगती है तब उनकी योग्यता पर भी प्रश्न चिन्ह लगने की संभावना बढ़ जाती है कि क्या ये अपील/रिवीजन कोर्ट के रूप में निर्णय/आदेश लिखने में सक्षम है भी या नहीं। दूसरा संतोष मिलता है कि दो चार यूनिट्स खाते में बढ़ गए। दो चार यूनिट्स के खातिर पक्षकारों का इतना भारी नुकसान। फिर क्या हमें यह भी मालूम है कि धारा 13 कोर्ट फीस अधिनियम के अंतर्गत अपीलार्थी को कोर्ट फीस लौटाने के क्या प्रावधान हैं।

हम अपने रिमांड आदेश को पढ़कर औचित्य सिद्ध कर लेंगे लेकिन हमारा स्वभाव ये है कि यदि हमें अन्य न्यायालय का ऐसा ही आदेश पढ़ने को मिला तो हमारी प्रतिक्रिया ये होगी कि वो न्यायाधीश तो ठीक से काम भी नहीं करता न उसे आता है और जैसे तैसे डिस्पोजल करके यूनिट्स ले लेता है।

अपराधिक रिवीजन, विविध अपीलों में भी यदि हम ऐसा ही करेंगे तो स्थिति भयंकर हो सकती है।

अपेक्षा यह हो सकती है कि हम रिमांड संबंधी प्रावधानों को कॉमेंट्री सहित अच्छे से पढ़ लें। **ज्योति जनरल एप्रिल 2001 में पृष्ठ 88** पर विशेष रूप से खुलासा किया है कि पायलेट प्रोजेक्ट असफल होने में यह स्थिति भी जिम्मेदार हो सकती है।

बंधुओं न्यायिक विवेक का उपयोग साम्या, न्याय एवं शुद्ध अन्तःकरण से करें अन्यथा भविष्य में रिमांड के संबंध में मिलने वाले यूनिट्स भी कहीं समाप्त न हो जावे।

●

MEMORANDUM NO A/4549/ III-1-46/58- IV JABALPUR 18th NOV. 2000. ISSUED BY THE HIGH COURT OF M.P. TO ALL THE DISTRICT JUDGES.

Subject : Regarding deducting the period of strike by the Advocates from prescribed 220 working days.

On the subject mentioned above, I am directed to inform you that Judicial Officers may make mention of period of strike by Advocates in the work-done statement which shall be taken in to consideration by the District Judge concerned as well as by the Registry.

●

THE ACTIONS OF MEN ARE THE BEST INTERPRETERS OF THEIR THOUGHTS

प्रक्रिया विधि - पालन में उपेक्षा न हो

(दंड विधि संहिता)

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

प्रस्तावना

ज्योति जनरल एप्रिल 2001 के पृष्ठ 91 पर व्यवहार विधि के विषय में एक लेख संक्षिप्त में लिखा था। दंड विधि संहिता के संबंध में भी विचारों का प्रस्तुतिकरण उचित प्रतीत होता है। जैसा कि विदित है प्रक्रिया विधि की-विशेषता है कि उसे कठोरता पूर्वक पालन करना होता है। यदि प्रक्रिया में कोई त्रुटि रह जाती है तो अभियुक्त को अनुचित रूप से लाभ मिल जाता है व दूसरे पक्ष के साथ न्यायालय के कारण प्रक्रियात्मक अन्याय हो जाता है जो अपूर्णनीय भी हो सकता है।

आरोप पत्र की प्रस्तुति :-

आरोप पत्र की प्रस्तुति के साथ किसी आपराधिक प्रकरण में कार्यवाही प्रारंभ होती है। प्रायवेट परिवाद भी प्रकरण में कार्यवाही हेतु प्रस्तुत होता है उस विषय पर चर्चा दूसरे शीर्षक में करेंगे।

आरोप पत्र प्रस्तुत होने पर न्यायालय को उसका पंजीयन करने विषयक आदेश दिया जाना होता है ताकि रीडर आवश्यक पंजी में उसका पंजीयन कर सके। आरोप पत्र प्रस्तुत होने पर रीडर आदेशिका लिखकर आपके सामने प्रस्तुत करेगा तो आप हस्ताक्षर कर देंगे। सिद्धांत कुछ भी हो व्यवहार में ऐसा ही होता है। संभवतः गलत न भी हो। हमें कम से कम यह करना है कि रीडर को एक आदर्श आदेशिका का नमूना बनाकर देना चाहिये जिससे वो उस अनुरूप चेकिंग करके फिर प्रारूप अनुसार आदेशिका लिख देगा। आरोप पत्र (चालान) चार्जशीट प्रस्तुत होने पर देखेंगे कि पुलिस द्वारा उल्लेखित समस्त विलेख उपलब्ध हैं या नहीं। मुद्दे माल प्रस्तुत हो रहा है या नहीं। विलेखों आदि में यदि कोई त्रुटि हो तो उसका भी खुलासा होना चाहिये। आदेशिका में आरक्षी केन्द्र का नाम अपराध क्रमांक अभियुक्त गणों के नाम अपराध की धारा का खुलासा हो। आरोप पर डी.पी.ओ. या ए. डी.ओ.पी. की ओर से प्रस्तुत होना चाहिये यद्यपि यह भी व्यवहारिक सत्य है कि एक कांस्टेबल आकर प्रस्तुत कर देता हैं ए.डी.ओ. पी. आदि हमारे लिये इतना ही पर्याप्त है। अति तकनीकी रूप से हमें ऐसे मामलों में दखल नहीं देना चाहिये।

विलेखों को चेक करते समय ध्यान रहे कि आरोप पत्र में वर्णनानुसार विलेख हो। दूसरी बात यह कि उन विलेखों में कुछ कम जादा हो तो उसकी टीप भी हो। जैसे पंचनामे जप्ति, नक्शा, मेमोरंडम कथन, मृत्युपूर्व कथन आदि चेक करें। कुछ एक में गवाहों के हस्ताक्षर नहीं हों तो किसी में कुछ तो किसी में और कुछ नहीं होता है उसका खुलासा आदेशिका में हो। जिन साक्षियों के कथन प्रस्तुत करना कहा जाता है व लगे हैं या नहीं यह देख लें। अर्थात आरोप पत्रानुसार क्रास चेकिंग कर ले। आप कुछ दिनों तक सतत् रूप से स्वयं करें एवं रीडर को बताते जावें ताकि भविष्य में रीडर आपकी अपेक्षा अनुरूप कार्य करेगा जो गुणवत्ता पूर्ण होगा।

हमारा काम यह भी है कि आरोप पत्र मर्यादा काल में प्रस्तुत हुआ है या नहीं यह देखें। धारा 167 (5) एवं (6) की ओर भी हमारा ध्यान होना चाहिये जो स्टॉपिंग ऑफ इन्व्हेस्टिगेशन के संबंध में है।

जहां तक मुद्देमाल जमा कराने का प्रश्न है चौकस दृष्टि रखें। जो मुद्देमाल सील होना है वह आपके सामने हो। जो मुद्देमाल वैसे भी या सील करके भेजना हो उसका प्रपत्र भरवा लें, पुलिस द्वारा प्रस्तुत पर्चा भी उसके साथ लगवा दें क्योंकि उस पर्चे के प्रतिपर्त पर रीडर प्राप्ति के हस्ताक्षर करता है। कभी भी भूल से भी

मद्देमाल को रीडर के माध्यम के सिवाय नाज़िर को माल जमा करने हेतु पुलिस को निर्देशित न करें गबन की बहुत ज्यादा संभावनाएं होती हैं। एक लेख **माननीय न्यायाधिपति श्रीमान आर.बी. दीक्षित महोदय** ने लिखा था उसे भी अवश्य पढ़ ले। (**ज्योति जनरल अप्रेल 1999 पृष्ठ 88**)

परिवाद पत्र

परिवाद पत्र तीन प्रकार के होते है। प्रथम वह जो सर्वसाधारण द्वारा प्रस्तुत होता है, दूसरा लोक सेवक द्वारा व तीसरा वो जो पुलिस द्वारा अनुसंधान करने के पश्चात अ संज्ञेय अपराध में प्रस्तुत होता है। तीनों की प्रक्रियाओं भिन्नता है। प्रक्रिया संबंधी उल्लेख धारा 2 डी में एवं पाठ 15 एवं 16 में धारा 200 से 210 के बीच मिलेगा। उक्त प्रावधानों के आधार से ही स्वयंमेव एक बड़ा लेख लिखा जा सकता है। यहां आपका ध्यान एक दृष्टांत ***(2001) 2 एस.सी.सी. पृष्ठ 628 सुरेश जैन वि. स्टेट*** की ओर तथा धारा 156 से 159 की ओर भी आकृष्ट किया जाता है।

मजिस्ट्रेट द्वारा स्वयम् सज्ञान

एक अन्य प्रकार प्रकरण को न्यायालय के रिकार्ड पर लेने का है वह है स्वयम् सज्ञान द्वारा। इस विषय में ध्यान धारा 190 एवं धारा 191 दं.प्र.सं. की ओर आकृष्ट किया जाता है। कृपया उन प्रावधानों को देख ले समझ लें।

दोषारोप आदि लगाना

चार प्रकार की ट्रायल्स होती हैं। (1) समरी (2) समन्स (3) वारण्ट (4) सेशन्स। चारों में प्रक्रिया भिन्न भिन्न है। समरी ट्रायल में धारा 260 अनुरूप समरी ट्रायल में ट्रायल शीट पर ही अपराध की विशिष्टियाँ लिखी जाती हैं। यहीं बात समन्स ट्रायल में है जो धारा 251 के अंतर्गत है वारण्ट ट्रायल में धारा 240 दं.प्र.स. के अनुसार चार्ज लगाया जाता है तो सत्र न्यायालय में प्रकरण मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 209 दं.प्र.स. के अंतर्गत कमिट किया जाता है व सत्र न्यायालय को तब धारा 193 के प्रावधानों के अनुरूप अधिकारिता प्राप्त होती है। सत्र न्यायालय धारा 228, 229 के अनुरूप कार्यवाही करता है व चार्ज लगाता है।

लोक सेवक एवं सर्व साधारण द्वारा प्रस्तुत परिवादों में प्रक्रिया अलग होती है जो समन्स ट्रायल एवं वारण्ट ट्रायल मे दर्शाई गई है। (कुछ जानकारी आगे 'चार्ज कैसे लगाना' के अंतर्गत दी है।) समरी केसेस में धारा 260 (2) के अंतर्गत समरी ट्रायल की प्रक्रिया को वारण्ट या समन्स ट्रायल की प्रक्रिया में बदला जा सकता है व धारा 259 के अंतर्गत समन्स ट्रायल की प्रक्रिया को वारण्ट ट्रायल की प्रक्रिया में बदला जा सकता है। ध्यान रहे सत्र न्यायालय द्वारा यदि प्रकरण धारा 228 (1) (ए) के अंतर्गत प्रकरण वापस आता है व मॅजिस्ट्रेट द्वारा सुनवाई होना हो तो तब भी वारण्ट ट्रायल से ही सुनवाई होगी। यथा धारा 307 भा.द.वि के अंतर्गत प्रकरण सत्र न्यायालय को उपार्पित हुआ। सत्र न्यायालय ने पाया कि अपराध धारा 352 या 323 के अंतर्गत बनता है, तथा यद्यपि ऐसा अपराध अन्यथा समरी या समन्स केस के रूप में सुनवाई योग्य है लेकिन कमिटल पूर्व से व कमिटल के पश्चात भी चूंकि वारण्ट ट्रायल की प्रक्रिया प्रारंभ की थी अतः विस्तार युक्त सुनवाई के प्रक्रिया संबंधी अभियुक्त के अधिकार को न्यन नहीं किया जा सकता।

साक्ष्य का लिपिबद्ध करना

न्यायालय कई स्तरों पर साक्ष्य लिपिबद्ध करता है। धारा 200–202 के अंतर्गत, चार्ज पूर्व साक्ष्य प्रायव्हेट केस में, लिपिबद्ध होती है, चार्ज पश्चात भी साक्ष लिपिबद्ध होती है, देखें धारा 242, 243, 244 एवं धारा 246, आरोपी परीक्षण पश्चात भी प्रतिरक्षा में प्रस्तुत साक्ष्य लिपिबद्ध होती है।

साक्ष्य लिपिबद्ध करते समय बहुत सी बातें ध्यान रखना होती है। चूंकि यह दाण्डिक सुनवाई का मामला

होता है अतः न्यायालय का कर्तव्य सक्रिय भागीदारी का भी होता है। अपराधिक नियम एवं आदेश के नियम 118 को अवश्य देखें जो इस प्रकार है।

118- In dealing with trials and enquiries presiding officers should remember that their position is not that of judges of civil courts who decide cases on the evidence put before them and leave it to the parties concerned to see that the evidence they produce is complete. Their primary duty is the ascertainment of the facts and the punishment of the guilty. For this purpose they have, under the Evidence Act and the Code ample power. The fact that the prosecution is conducted by a public prosecutor or by a prosecuting inspector of police does not absolve the presiding officer from this duty.

अतः साक्ष्य लिपिबद्ध करते समय अधिक चैतन्यता की आवश्यकता होगी। साक्षी प्रश्न समझ रहा है या नहीं, यदि नहीं तो उसे स्पष्ट करवाना होगा, अधिवक्ता उसे दिशाभूल न करे, संयुक्त तथा प्रश्न के अंतर्गत पूर्व निहित उत्तर मान कर प्रश्न न पूछने दे। जैसे तुम अभी भी बीमार हो क्या? इसका अर्थ यह हुआ कि बीमार था यह बात ग्राह्य मान ली गई है। साक्षी चाहे उत्तर हां में दे या ना में दे उत्तर में यह आ जाएगा कि वह प्रारंभ में बीमार था। जैसे साक्षी ने कहा अब मैं बीमार नहीं हूं या बीमार हूं। साक्षी समझदार होगा तो ही वह इस प्रश्न का भेद समझकर उत्तर दे सकेगा कि मैं पहले भी बीमार नहीं था न अब भी हूं। साक्षी की समझदारी पर भरोसा रखने से बेहतर है कि हम ही समझदार व जागृत रहें।

दूसरा मुद्दा आता है लोप विसंगति एवं सारवार विसंगति का। जिस बाबत धारा 162 दं.प्र.सं. एवं धारा 145 एवं धारा 154 साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन अवश्य हो। धारा 157 एवं धारा 31 साक्ष्य अधिनियम की जानकारी अच्छे से हो व अन्य प्रावधानों के अतिरिक्त साक्ष्य लिपिबद्ध करने विषयक प्रावधान धारा 135 से 167 तक को सरसरी रूप से ही सही पर देख लें समझ लें।

साक्षी के किसी पूर्व कथन में यदि कोई चिन्ह लगाना हो तो ए से ए, बी से बी, जैसे चिन्ह अवश्य लगाएं लेकिन साक्ष्य में साक्ष्य लिपिबद्ध करते वक्त ध्यान रहे कि तब ऐसा न लिखें कि ए से ए की बात बताई थी या नहीं बताई थी। अपितु ये लिखें कि ए से ए की बात को जहां ए से वाक्य शुरू होता है वहां के एक दो शब्द एवं अंतिम स्थान के ए के पहले के दो शब्द अवश्य लिखें व बीच के स्थान डॉट–डॉट लगाकर छोड़ दें। या ए से ए की बात छोटी है, तो पूर्ण लिखें। जैसे ए से ए का भाग ये है कि "मैं उपरी मंजिल से नीचे दौड़कर आया? घटना स्थल पर भागा" यह ए से ए का वाक्य है तो उसे मैं शब्द के पूर्व ए लगावें व भागा शब्द के बाद ए लगावें। साक्ष्य में या तो पूर्ण वाक्य लिखें या यह वाक्य लिखें कि मैंने अपने पुलिस कथन प्रदर्श डी 1 में ए से ए की बात की मैं उपरी ..... स्थल पर भागा" बताई/नहीं बताई थी। यदि इस वाक्य के आधार पर दिशा भूल कर के प्रतिपरीक्षण में साक्षी को पूछा गया कि तुम घटना स्थल पर भाग के गए थे क्या एवं साक्षी ने कहा नहीं, सामान्य गति से गया था। तो संभव है अभियुक्त को अधिवक्ता ये लिखा दे कि घटना स्थल पर नहीं गया था। अतः विसंगति 'भाग कर' जाने विषयक है न कि घटना स्थल पर जाने कि विषय में अतः विसंगति हेतु ए से ए का पहचान चिन्ह केवल 'भागा' शब्द पर लगेगा अन्य बातें साक्षी ने स्वीकार की हैं। ऐसी भूल वर्णनात्मक भूल या विसंगति हो सकती है सारवान नहीं। क्यों कि सारवान बात तो नहीं है कि साक्षी घटना स्थल पर गया चाहे सामान्य गति से, भागकर या बराती चाल से।

ध्यान रखना प्रत्येक साक्षी से अभियुक्त को घटना विषयक मुद्दे पर भी प्रश्न पूछने का अधिकार है चाहे वह साक्षी केवल सड़क पर पड़ी सायकल जप्ती का साक्षी क्यों न हो। कृपया धारा 138 भाग दो एवं धारा 146 को भी देख लें।

साक्षी गण को आहूत करना महत्वपूर्ण होता है। कोर्ट मुंशी भी होता है तो आदेशिका लेखक सतत् रूप

से प्रभावी नियंत्रण निरीक्षण पीठासीन न्यायाधीश का हो तो बेहतर है। साक्षीगण के नाम पते पूर्ण हो। प्रतिरक्षा में साक्षी गण को बुलाने का कर्तव्य न्यायालय का है जब साक्ष्य सूची अभियुक्त प्रस्तुत करें। यदि अनावश्यक लोगों के नाम साक्ष्य सूची में हैं तो न्यायालय ने ध्यान करके नहीं बुलाना चाहिये।

काफी वर्षों पूर्व तक आरोप पत्र के साथ साक्ष्य सूची ए एवं साक्ष्य सूची बी प्रस्तुत की जाती थी। व ए सूची के गवाह बुलाये जाना होते थे व बी सूची के साक्षी बुलाना प्रकरण की परिस्थिति पर निर्भर करता था। अब वह सूची प्रस्तुत नहीं होती है व न्यायालय भी ध्यान नहीं देता है व प्रकरण रेंगते हुए चलते हैं। उतना भी चल जावे तो अहोभाग्य वाली स्थिति आ सकती है अतः थोड़ी सक्रियता न्यायालयों से हमेशा अपेक्षित की गई है। देखें (**ज्योति फरवरी 2000 पृष्ठ 44 टिट बिट नं. 2 ज्योति अप्रेल 2000 पृष्ठ 170 से 180 एवं ज्योति 2000 दिसंबर 1999 स्टार फर्मामेंट क्र. 2 *रमेशचंद्र वि. राज्य*)** फौजदारी न्यायालयों को यह भी अधिकार है कि वह जिला न्यायालय के प्रोसेस सर्वर (आदेशिका वाहक) या अन्य लोक सेवक के माध्यम से समन्स का निर्वाह करावें (देखें **ज्योति जनरल अगस्ट 1999 पृष्ठ 331**)

दोषारोपण की तैयारी

इस संबंध में विस्तार से **ज्योति 1998 अप्रेल पृष्ठ 13 'आरोपों का विरचित किया जाना'** में बताया है। प्रारूप **पृष्ठ 22 से 24 तक** व विभिन्न दोषारोपण के प्रारूप **पृष्ठ 25 से 55 तक** दर्शाए हैं। **धारा 211 से 224 तक** के प्रावधान देख सकते हैं। पूर्व तैयारी कैसे हो यह बात भी **1997 ज्योति अक्टूबर भाग पृष्ठ 13** पर बताई है। पता नहीं ये सब बातें रुचिकर क्यों नहीं लगी। किसी ने भी स्वीकार नहीं की।

आरोपी परीक्षण

आरोपी परीक्षण धारा 313 दं.प्र.सं. के अंतर्गत होता है एक अन्य सुसंगत धारा 281 भी है। अध्ययन होना चाहिये। आरोपी परीक्षण हेतु प्रश्न तैयार करना एक कला है। इस संस्था में माननीय न्यायाधिपति श्रीमान आर. पी. अवस्थी (सेवा निवृत्त) ने सतत् रूप से बताया है। इस संबंध में विस्तार से एक लेख भी लिखा है जो **ज्योति 1998 जून पृष्ठ 17 "आरोपी परीक्षण" उद्देश्य एवं प्रश्नों की रचना"** है। वास्तव में जिस प्रकार साक्ष्य का मार्शलिंग होता है उसी प्रकार आरोपी परीक्षण हेतु साक्षियों के कथनों के आधार से प्रश्नों को मार्शलिंग किया जावे तो सारगर्भित एवं सार संक्षिप्त प्रश्न बनेंगे।

निर्णय लेखन

अपराधिक प्रकरणों में साक्ष्य भार अपवाद छोड़कर अभियोजन पर होता है। साक्ष्य शंका के परे होना चाहिये। शंका के परे साक्ष्य क्या होती है यह बात अन्य दृष्टांतों के अतिरिक्त ***दरसिंह वि. स्टेट, ए.आ .आर. 1978 सु. को. 1091*** में भी बताई है। साक्ष्य की बहुलता का सिद्धान्त यहां लागू नहीं होता है। विपरीत सुनिश्चित साक्ष्य का (स्ट्रिक्ट प्रूफ) का सिद्धान्त लागू होता है। साक्ष्य का मूल्यांकन विवेचन व सूत्रबद्ध रूप से लिखा जाना ये महत्वपूर्ण तत्व है। **ज्योति 1998 अक्टूबर पृष्ठ 30** पर इस संबंध में विस्तार से लिखा है। एक अन्य लेख **ज्योति दिसम्बर 1998 पृष्ठ 24** पर भी लिखा है। एक और लेख **ज्योति 1999 अक्टूबर पृष्ठ 354** पर भी लिखा है।

सजा के प्रश्न पर सुनना

धारा 235 (2) एवं धारा 248 (2) के अंतर्गत अभियुक्त को सिद्धदोष (गिल्टी) पाते हुए उसे यदि दोष सिद्ध (कन्विक्ट) करार दिया जाता है तो सजा (सेन्टेन्स) के प्रश्न पर प्रथमतः उसे सुना जाना है चाहे उसे प्रोबेशन का भी लाभ क्यों न देना हो। ऐसा नहीं करना है कि प्रोबेशन का लाभ देना हो तो सजा के प्रश्न पर नहीं सुना जाना है। ऐसा भी न हो कि दोषसिद्ध ठहराते ही आरोपी कस्टडी में ले लें। यदि आरोपी इस संबंध में तर्क देना चाहता है तथा समय चाहता है तो एक तारीख दी जाना चाहिये जैसा कि ***बर्न स्टेंडर्ड कं. वि. यूनियन (1991)***

3 एस.सी.सी. 467 ए.आर. 1991 सु.को. 1784, जय कुमार वि. राज्य 1999 (2) जे.एल.जे. 68, अलाद्दीन वि. स्टेट (1989) 3 एस.सी.सी. 5, मिल्कियत सिंह वि. स्टेट (1991) 4 एस.सी.सी. 341 को अवश्य देखें। (एक विस्तृत लेख इस विषय पर पृथक से लिखा जा सकेगा)

धारा 428 दं.प्र.स. के अंतर्गत विवरण बनाना होता है इस पर ज्योति जनरल में कई बार लिखा गया है लेकिन सकारात्मक परिणाम सामने आना शेष है। कृपया देखें ***दरवान वि. स्टेट ऑफ छत्तीसगढ़ 2001 (2) एम.पी.एच.टी. 81 (छत्तीसगढ़)***।

धारा 457 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति

न्यायालयों को विस्तृत अधिकार इस प्रावधान के अंतर्गत दिए गए हैं। आहत व्यक्ति को क्षतिपूर्ति दी जा सकती है यदि अभियुक्त को सजा दी गई हो तथा अर्थदंड न भी किया हो। अ.जा., ज.जा. वर्ग के व्यक्ति यदि परिवादी है तथा अ.जा., ज.जा, से भिन्न व्यक्ति अभियुक्त है जिसे सजा दी गई है तो क्षतिपूर्ति राशि देना अनिवार्य है ऐसा म.प्र. का संशोधन है।

प्रतिभूति एवं बंधपत्र का भारयुक्त होना

प्रकरण का अंतिम निराकरण होते ही प्रतिभूति पत्र व बंधपत्र भारमुक्त हो जाते हैं व इस विषय में स्पष्ट आदेश भी निर्णय में होना चाहिये।

संपत्ति का निराकरण

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 451 से 453 एवं 455 से 459 के प्रावधान प्रकरण से संबंधित मुद्देमाल के निराकरण के विषय में है। आग्नेय अस्त्र का विनिष्टिकरण आदि न्यायालय द्वारा नहीं होता है। आर्मस् एक्ट के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार उनका निराकरण जिला दंडाधिकारी। कलेक्टर द्वारा आपके निर्देशानुसार होना है। उसी प्रकार एन.डी.पी.एस. एक्ट के अनुसार संपत्ति का निराकरण आबकारी विभाग द्वारा आपके निर्देशानुसार होना है। नये आबकारी अधिनियम में कुछ प्रावधान विशेष रूप से किए गए हैं उनका ध्यान अवश्य कर लें।

प्रतिभूति

आजकल सबसे ज्यादा चर्चित विषय यही होता है। अनावश्यक घबराहट अतिसतर्कता एवं स्वयं के प्रति अविश्वास। जो भी काम करना है ठोक बजाकर डंके की चोट पर करना होता है। हम आप न्यायाधीश हैं। हमारा कृत्य पूर्वाग्रह से मुक्त हो सद्आशय युक्त हो, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भी प्रलोभन से मुक्त हो तो भय किस बात का। न्यायदान करना है। निर्भीक बनना है। न्यायिक विवेक सदाशय, साम्या व न्यास्य दृष्टिकोण लिए करें अन्यथा स्वयं निर्मित भय एवं आतंक के कारण तुच्छ से तुच्छ प्रकरण में हम प्रतिभूति का स्वीकृति आदेश नहीं देते हैं।

विविध

विविध विषयों पर ज्योति जनरल में समय–समय पर लेख प्रकाशित किए हैं वे भी प्रक्रिया संबंधी विषय को स्पष्ट कर सकेंगे वे इस प्रकार हैं :

(1)	Suspension of Sentence powers of a trial court	ज्योति जून 1996 पृष्ठ 9
(2)	अभियुक्त की अनुपस्थिति एवं न्यायिक निरोध में उसका भेजा जाना–	ज्योति जून 1996 पृष्ठ 17
(3)	प्रकरण कब कमिट किया जाना अपेक्षित नहीं	ज्योति जून 1996 पृष्ठ 17
(4)	फार्मल अरेस्ट	ज्योति अगस्त 1996 पृष्ठ 22
(5)	Theft of energy person compitante to prosecute	ज्योति अक्टूबर 1996 पृष्ठ 18

(6)	Principles of Criminal Trial	ज्योति दिसम्बर 1996 पृष्ठ 5
(7)	Cancellation of bail in bailable offences	ज्योति दिसंबर 1996 पृष्ठ 10
(8)	Early disposal of cases in Magistrates courts	ज्योति दिसंबर 1997 पृष्ठ 29
(9)	Maintenance of Malkhana, Nazrat and embezlement of property	ज्योति 1997 जून पृष्ठ 7
(10)	निर्णय लेखन, अपराधों का सुगम विवेचन	ज्योति 1997 अक्टूबर पृष्ठ 13
(11)	Penalties in case of dishonour of cheque.	ज्योति 1997 अक्टूबर पृष्ठ 7
(12)	समन्स प्रक्रिया की व्यवहारिक आवश्यकता	ज्योति 1997 दिसम्बर पृष्ठ 19
(13)	आरोपों का विरचित किया जाना	ज्योति अप्रैल 1998 पृष्ठ 13
(14)	आरोपी परीक्षण उद्देश्य एवं प्रश्नों की रचना	ज्योति जून 1998 पृष्ठ 17
(15)	अपराधिक प्रकरणों में चक्षुदर्शी साक्षी का मूल्यांकन	ज्योति जून 1998 पृष्ठ 32
(16)	गतिशील प्रबंधन प्रारंभिक तैयारी	ज्योति जनवरी 1998 पृष्ठ 13
(17)	How to write judgment/order	ज्योति दिसम्बर 1998 पृष्ठ 24
(18)	प्रक्रिया विधि संबंधी विवरण	ज्योति अक्टूबर 1998 पृष्ठ 8
(19)	व्यवहार न्यायालयों में कार्यपद्धति	ज्योति दिसम्बर 1998 पृष्ठ 5
(20)	साक्षी को उपस्थित रखने का प्रयास, आहूत करने का प्रयास	ज्योति फरवरी 2000 पृष्ठ 50
(21)	अपराधिक प्रकरणों में समझौता।	ज्योति अक्टूबर 2000 पृष्ठ 565
(22)	Granting of bail by Magistrate having no jurisdiction to try cases	ज्योति अक्टूबर 2000 पृष्ठ 576
(23)	अपराधी द्वारा मजिस्ट्रेट के सन्मुख आत्मसमर्पण करना व उसे प्रतिभूति पर मुक्त किया जाना।	ज्योति फरवरी 2001 पृष्ठ 9
(24)	क्या तुम्हें अपराध स्वीकार है? जी हां! मुझे अपराध स्वीकार है।	ज्योति फरवरी 2001 पृष्ठ 97
(25)	Setting off the period of detention against sentence	ज्योति फरवरी 2001 पृष्ठ 22
(26)	Effect of non appearnce of Complainant and Stopping of the proceedings	ज्योति एप्रिल 2001 पृष्ठ 111
(27)	Scope of Sec. 319 Cr.P.C. with reference to discharged accused	ज्योति अप्रैल 1997 पृष्ठ 36
(28)	Forfeiture of bail bond-procedure	ज्योति अप्रैल 1997 पृष्ठ 37

अल्पविराम

मित्रो विषय ऐसा है जिसका समापन संभव नहीं है, पूर्ण विराम लगाना भी उचित नहीं है अतः विषय को अल्प विराम के साथ समाप्त करना ही उचित होगा।

यद्यपि क्रिमिनल ट्रायल एवं क्रिमिनल प्रेक्टिस विषय पर चिंतन प्रस्तुत नहीं हुआ है लेकिन भविष्य में उससे संबंधित विषयों पर भी लिखा जा सकेगा। आप चाहें तो क्रिमिनल कोर्ट प्रॅक्टिस एण्ड प्रोसिजर लेखक एम.एल. सिंघल, क्रिमिनल ट्रायल, राव एण्ड राव तथा एजाज एहमद, गांगुली आदि देख सकते हैं। वार्ष्णेय एवं केलकर द्वारा लिखित पुस्तकें भी देखने योग्य है। जिला न्यायालयों की लायब्रेरी में पुरानी पुस्तकें देखते रहिये खजाना हाथ लग जाएगा।

●

धारा 228 (क) दं.प्र.सं. एवं सत्र न्यायालयों का कर्त्तव्य

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

धारा 228 (1) क दं.प्र.स. इस प्रकार है–

228. आरोप विरचित करना- (1) यदि पर्वोक्त रूप से विचार और सुनवाई के पश्चात्, न्यायाधीश की यह राय है कि ऐसी उपधारणा करने का आधार है कि अभियुक्त ने ऐसा अपराध किया है जो,

(क) अनन्यतः सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय नहीं है तो वह, अभियुक्त के विरूद्ध आरोप विरचित कर सकता है और आदेश द्वारा, मामले को विचारण के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अन्तरित कर सकता है और तब मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उस मामले का विचारण पुलिस रिपोर्ट पर संस्थित वारण्ट–मामलों के विचारण के लिए प्रक्रिया के अनुसार करेगा;

प्रकरण कमिट (उपर्पित) होने के पश्चात धारा 227–28 के अंतर्गत कार्यवाही होती है। धारा 227 के अंतर्गत अभियुक्त को अपराध से उन्मोचित करने की शक्ति है। धारा 228 (1) क के अंतर्गत सत्र न्यायालय द्वारा श्रवण योग्य अपराध नहीं बनता है तो मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को प्रकरण वापस भेजने का कर्तव्य है (कर्तव्य है निर्वाह कैसे होगा यही बात यहां बताना है) यदि सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य चार्ज बनता है तो सत्र न्यायालय ने चार्ज लगाकर आगे कार्यवाही करना है।

हम सत्र न्यायालयों के कुछ वरिष्ठ न्यायाधीश क्या कर रहे हैं? आरोप तर्क सुनने के पश्चात हम यह अनुभव करते हैं कि प्रकरण सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य नहीं है तो प्रकरण को धारा 228 (1) क के अंतर्गत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को यही लिखकर भेज देते हैं। यह बताते ही नहीं है कि सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य अपराध नहीं बनता है तो किन–किन धाराओं का अपराध बन रहा है। वास्तव में सत्र न्यायालय के जो कनिष्ठ न्यायाधीश हैं उन्होंने तो विचारण न्यायालय हेतु (मजिस्ट्रियल कोर्ट हेतु) चार्ज भी लगाकर भेजना चाहिये। इससे अनुभव में वृद्धि होती है, संबंधित धाराओं का अध्ययन होता है एवं नए तत्व ज्ञात होते हैं। समय की कोई कमी नहीं होती है। दो स्थानों से इस विषय में ज्ञात हुआ। एक स्थान पर विशेष रोचक (जी हां विशेष रोचक) बात सामने आई। धारा 228 (1) क के अंतर्गत सत्र न्यायालय ने कहा कि इस न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य अपराध नहीं बनता है तो फाईल वापस सी.जे.एम. के यहां चली गई। मजिस्ट्रेट ने पुनः कहा कि अपराध जो बन रहा है वह सत्र न्यायालय द्वारा सुनवाई योग्य बन रहा है व फाईल वापस सत्र न्यायालय को भेजी तो सत्र न्यायालय ने पुनः उपर दर्शित बात लिखके फाईल भेज दी। क्या यह सब कार्य हम सही परिपेक्ष में कर रहे हैं? निश्चित नहीं। हम अपने कर्तव्य के प्रति जागृत नहीं है या विधि की जानकारी नहीं है या कि उपेक्षावृत्ति है या और भी कुछ कारण होंगे पर पदीय गरिमा के निश्चित विपरीत है।

दूसरी बात यह कि फाईल जो मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को निर्देश के साथ भेजना है वह उसे ही भेजना है अन्य न्यायिक दंडाधिकारी को नहीं जिसके यहां से प्रकरण उपार्पित होकर आया है। मु. न्या. म., अपने यहां प्रकरण प्राप्त होने पर यथा प्रावधिक शक्ति के अन्य मजिस्ट्रेट को अंतरित कर सकेगा। लेकिन जहां सत्र न्यायाधीश ही स्वयं धारा 228 (1) क के अंतर्गत आदेश करके फाईल वापस भेजता है तो उसे यह अधिकार है कि चाहे तो उसे मु. न्या. दं. के पास भेजे या अन्य सक्षम मजिस्ट्रेट के यहां जहां उचित समझे भेजे। क्योंकि सत्र न्यायाधीश को वैसे भी प्रकरणों को अंतरित करने का अधिकार है। कृपया देखें **1987 एम.पी.एल.जे. 540 (*श्यामलाल वि. राज्य*) 1985 एम.पी. डब्ल्यू एन. 45 (*स्टेट वि. मनखु खान*)** एवं **1982 एम.पी. डब्ल्यू एन. 379 (*स्टेट वि. नवल सिंह*)**

ऐसे प्रकरणों में आरोप निर्मित कर मजिस्ट्रेट कोर्ट को प्रकरण कैसे भेजा जावे इसका प्रारूप भी आपकी सुविधा हेतु दिया जा रहा है।

आरोप

(कृपया धारा 211-12-13 एवं 228-29 तथा 240-246 (1) देखें)

मैं ..... अति./ सत्र न्यायाधीश, तुम ..... पुत्र ..... पर नीचे लिखे अनुसार आरोप लगाता हूं कि –

तुमने दिन ..... माह ..... सन् ..... को या उसके लगभग स्थान .... जो आरक्षी केन्द्र ..... से लगभग ..... किलोमीटर परिधि में है, में परिवादी कमल को धारदार चाकू, जो काटने का आयुध है, से (बायें कान पर मारा जिससे उसका कान कट गया व इस प्रकार) गंभीर उपहति कारित की;

और इस प्रकार तुमने वह अपराध किया जो धारा 326 भा.द.वि. के अंतर्गत मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा सज्ञान योग्य है तथा मैं निर्देशित करता हूं कि तुम पर आरोपित दोषारोपण की सुनवाई मुख्य/न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जावे।

हस्ताक्षर
(नाम)

दिनांक

पदनाम
अति/सत्र न्यायाधीश की सील

आरोप का उत्तर

अभियुक्त को आरोप पढ़कर बताने पर एवं समझाने पर आरोपी ..... पिता ..... का कहना है कि .....

हस्ताक्षर
(नाम)

दिनांक

पदनाम
मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी

आदेशिका प्रारूप

15.7.2001

शासन द्वारा श्री ए.बी. शर्मा सहायक/लोक अभियोजक अभियुक्त सहित श्री सी.डी. कर्मा अधिवक्ता।

2 प्रकरण आर्ज चार्ज तर्क हेतु है। तर्क सुने प्रकरण का अवलोकन किया पुलिस कोतवाली ने अभियुक्त के विरूद्ध धारा 307 भा.द.वि. के अंतर्गत आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। लेकिन अभियुक्त की मनःस्थिति बाबत आधार, आरोपी के कृत्य का प्रकार, आशय या ज्ञान को विचार में लेते हुए यह प्रतीत होता है कि आरोपी के विरूद्ध धारा 307 भा.द.वि. के अंतर्गत अपराध सिद्ध होना ज्ञात नहीं ग्होता है अपितु धारा 326 भा.द.वि. के अंतर्गत अपराध का गठित होना प्रतीत होता है जो कि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी द्वारा सुनवाई योग्य है।

अतः धारा 326 भा.द.वि. के अंतर्गत आरोप निर्मित किया गया।

आरोप पत्र सहित यह प्रकरण मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी को अगली कार्यवाही हेतु भेजा जावे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी यदि चाहे तो वह स्वयं सुनवाई करें या किसी अन्य सक्षम न्यायिक दंडाधिकारी को प्रावधिक शक्तियों के अंतर्गत अंतरित कर सकेगा (यह वाक्य सत्र न्यायाधीश को लिखने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही अंतरित कर सकता है)

यह कि उभय पक्ष अगली कार्यवाही हेतु मुख्य/न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में दि. 20/7/2001 को या उक्त तिथि पर अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस पर उपस्थित रहेंगे। रीडर मूल रेकार्ड संबंधित न्यायालय को भेजेगा व बाद–आवश्यक कार्यवाही प्रकरण रेकार्ड रूम में जमा हो।

हस्ताक्षर
(नाम)

दिनांक

पदनाम
अति/सत्र न्यायाधीश की सील

●

बेहतर है जान लो

रिमांड (प्रतिप्रेषण) आदेश में निर्देश

प्रथमतः ध्यान **आ. 41 नि. 26 क** की ओर आकृष्ट किया जाना उचित है जो इस प्रकार है–

आ. 41 नि. 26 क- प्रतिप्रेषण के आदेश में अगली सुनवाई का उल्लेख किया जाना-

जहां अपील न्यायालय नियम 23 या नियम 23 क के अधीन मामला प्रतिप्रेषित करता है या नियम 25 के अधीन विवाद्यकों की विरचना करता है और उन्हें विचारण के लिए निर्दिष्ट करता है वहां वह उस मामले में आगे कार्यवाही के बारे में उस न्यायालय के जिसकी डिक्री की अपील की गई थी, निर्देश प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए उस न्यायालय के समक्ष पक्षकारों की उपसंजाति के लिए तारीख नियत करेगा।

प्रावधान स्पष्ट है। कोई बात निर्वचन के लिए विचार में लेना नहीं है। विपरीत इसके इस प्रावधान का उपयोग प्रकारान्तर से अथवा सादृश्य रूप से (अनालॉजिकली) अपराधिक अपील एवं सिविल एवं अपराधिक रिविजन हेतु भी करना ही चाहिये। उन समस्त नियमित अथवा अन्य कार्यवाहियों में भी करना चाहिये जहां प्रकरण वापस विचारण न्यायालय को निर्देशित कार्यवाही करने हेतु भेजा जाता है। इस प्रावधान का उपयोग सक्रिय रूप से नहीं होता है। इसका परिणाम यह होता है कि प्रकरण लंबित रहते हैं। यथा अपील न्यायालय ने प्रकरण रिमांड का आदेश दिया लेकिन विचारण न्यायालय में पक्षकारों ने किस तिथि पर उपस्थित होना है नहीं दर्शाया गया। पक्षकार गणों के लिए विचारण न्यायालय में उपस्थित होने की तब तक आवश्यकता नहीं है जब तक कि विचारण न्यायालय

उन्हें समन्स द्वारा सूचित नहीं करता। समन्स के निर्वाह की क्या स्थिति है आप हम सब जानते हैं। कुछ प्रकरण ऐसे होते हैं जो विचारण न्यायालय में लंबित हैं व उन्हें वरिष्ठ न्यायालय में बुला लेने के कारण दास्त (किरकोल फाईल) कायम कर के आदेशिका लिखते हैं कि वरिष्ठ न्यायालय से फाईल प्राप्त नहीं प्रकरण वास्ते इंतजारी। तीन चार माह की तारीख लगा देते हैं। इस बीच वरिष्ठ न्यायालय से फाईल आई परंतु पक्षकारों को विचारण न्यायालय में कब उपस्थित होना है इसका निर्देश नहीं है न हमारे यहां के फाईल में हमने समय समय पर पक्षकारों को उपस्थित रहने हेतु निर्देश दिया है तब भी फाईल में आगे कार्यवाही करने में देरी होगी। कभी–कभी ऐसा होता है कि रिमांड में यह आदेश दिया कि पक्षकार गण विचारण न्यायालय में 15.7.2001 को उपस्थित होंगे व हमारे यहां कि दास्त में हमने 01.7.2001 के पेशी के समय यह आदेश दिया कि फाईल वरिष्ठ न्यायालय से प्राप्त नहीं 01.10.2001 को पुनः प्रस्तुत हो। तब भी पकडा/पाटी चलती रहेगी। आप यह लेख पढ़ते वक्त तर्क–प्रतितर्क कर रहे होंगे कि ऐसा होता है तो ये रास्ता है, वैसा होता है तो वो रास्ता है लेकिन ये तर्क कुछ ही लोग कर रहे होंगे कि हमने भविष्य में आ. 41 नि. 26 क का पालन अवश्य करना चाहिये।

आप प्रकरण को विचारण न्यायालय में अगली कार्यवाही हेतु भेजते समय आदेशिका में नीचे अनुसार लिख सकते हैं जैसेः–

"उभय पक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे विचारण न्यायालय में दिनांक 15.7.2001 को अगली कार्यवाही हेतु उपस्थित रहें। यदि विचारण न्यायालय ने 15.7.2001 के पूर्व की तिथि निर्धारित की है तो उसी तिथि पर जो विचारण न्यायालय ने निर्धारित की है उपस्थित रहें एवं विचारण न्यायालय ने यदि तिथि 15.7.2001 के पश्चात की निर्धारित की है तो 15.7.2001 को अवश्य उपस्थित रहें। उक्त तिथि पर पर अवकाश धारित हो तो अगले कार्य दिवस पर उपस्थित रहें।

आप यदि ऐसा कर रहे हैं तो आपको साधुवाद, नहीं कर रहे हो तो कर के देखना एक अलग छवि बनेगी।

ध्यान रहे कि विचारण न्यायालय का रेकार्ड वहां समय के पर्याप्त पूर्व पहुंच जाय इसलिए आपका चैतन्य होना जरूरी है अन्यथा बहुत से कारणों से रेकार्ड विचारण न्यायालय में पहुंचता ही नहीं है।

●

बेहतर है जान लो

एफ.एस.एल. रिपोर्ट – प्राप्त करना

अधिकांश प्रकरणों में एफ.एस.एल. रिपोर्ट (फोरेन्सिक सायन्स लेब्रोटरी) प्राप्त नहीं होती है। विभाग की अपनी समस्याएं हैं विभिन्न कारण हैं। जिन प्रकरणों में रिपोर्ट आती है वह प्रकरण के साथ संलग्न करना चाहिए। कुछ में हो पाती है कुछ में नहीं। ऐसा भी होता है कि थोक बंद रूप से ये रिपोर्ट्स (प्रतिवेदन) पुलिस अधीक्षक कार्यालय या लोक अभियोजक कार्यालय में ही बंद पड़े रहते हैं। एफ.एस.एल. रिपोर्ट का न्यायिक निर्णय में अपना विशेष महत्व होता है। हम भी दुखी मन से पुलिस अधीक्षक को एवं एफ.एस.एल. विभाग को पत्र लिखते हैं। लेकिन अधिकांश रूप से सम्पूर्ण तथ्यों का खुलासा नहीं हो पाता है अतः उक्त कार्यालय में पत्र के आधार से कार्यवाही प्रभावी रूप से नहीं होती। हम समस्या का निश्चित निदान चाहते हैं। हमें भी व्यवहारिक कठिनाईयों को समझना चाहिये। यदि किसी प्रकरण में ऐसी रिपोर्ट की तत्काल आवश्यकता हो तो हमने संबंधित प्रयोग शाला को त्वरित पत्र लिखकर सूचित करना चाहिये जिससे उस प्रकरण की रिपोर्ट वे तैयार करके आपकी ओर भेज सकते हैं। उक्त संस्था के निदेशक श्री ए.के. गुरू से चर्चा हुई थी। उन्होंने दिये हुए सुझाव के आधार से हम–आप को रिपोर्ट तुरन्त मिल सकती है। जिला न्यायालय के अभियोजक के माध्यम से

भी इस बात की सत्यता जांच लेना चाहिये कि कहीं रिपोर्ट अभियोजन कार्यालय या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तो नहीं है। एक काम यह भी होना चाहिये कि मॉनिटरिंग सेल की बैठक में निश्चित नाम निर्देशित प्रकरणों के नाम बताए जाना चाहिये कि अमुक प्रकरण में रिपोर्ट नहीं आई है। केवल ये कहना निदान के लिए पर्याप्त नहीं है कि रिपोर्ट्स प्राप्त नहीं होती है। ये तो तथ्य है सभी स्वीकार करते है। निश्चित रूप से तथ्य प्रदर्शित करना चाहिये। एक अच्छा उपयोगी सुझाव पत्र लिखने का है लेकिन पत्र में क्या लिखना है यह महत्वपूर्ण है। पत्र इस प्रकार से लिखा जा सकता है।

न्यायालय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, ...

पत्र क्र. ..... न्या. फा. दि. .....

(न्यायालयीन फाईल)

प्रति,

निदेशक
न्यायालयिक विज्ञान
प्रयोगशाला, सागर, म.प्र. 470001

विषय : एफ.एस.एल. रिपोर्ट भेजने के विषय में।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि निम्न प्रकरण में एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है जिसकी त्वरित आवश्यकता है।

अतः कृपया अविलंब भेजने की व्यवस्था करें।

1. प्रकरण क्र. .....
2. प्रकरण का शीर्ष नाम .....
3. अपराध क्र. .....
4. पुलिस अधीक्षक ने मुद्देमाल जिस पत्र द्वारा भेजा उसका पत्र क्रमांक एवं दिनांक .....
5. एफ.एस.एल. विभाग द्वारा दी गई उक्त पत्र की प्राप्ति दिनांक .....
6. न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि .....
7. विशेष उल्लेख .....

हस्ताक्षर
पीठासीन अधिकारी का नाम,
पद नाम सील

दिनांक .....

पृष्ठांकन ..... न्यायालय फा. दिनांक .....

प्रतिलिपि,

पुलिस अधीक्षक ..... को सूचनार्थ एवं निवेदन है कि ऊपर उल्लेखित रिपोर्ट इस न्यायालय को त्वरित भेजने हेतु व्यवस्था करें।

हस्ताक्षर
पीठासीन अधिकारी का नाम,
पद नाम सील

दिनांक .....

ध्यान रहे कि एफ.एस.एल. विभाग में किसी भी मुद्दे माल का संदर्भ पुलिस अधीक्षक द्वारा भेजे गए पत्र के आधार से त्वरित मिलता है। अतः उपरोक्त प्रारूप का क्रमांक 4 एवं 5 सही सही हो जिससे निदेशालय में कार्यवाही शीघ्र हो सके।

आशा है ऐसा करने से आपको रिपोर्ट जल्दी मिलेगी या मिलने की संभावना बढ़ेगी।

आपके तुरन्त संदर्भ हेतु उक्त निदेशालय के कार्यालय का फोन नंबर भी बता दें वो इस प्रकार है

07582–22307

वर्तमान में श्री ए.के. गुरू निदेशक हैं।

●

बेहतर है जान लो!

दोष सिद्धि एवं दंडादेश, यदि कोई हो तो। और सहायता एवं व्यय।

अपराधिक प्रकरणों में जो विभिन्न विचारणीय बिंदु निर्णय हेतु उपस्थित करते हुए बनाये जाते हैं उसमें एक बिंदु 'दोष सिद्धि एवं दंडादेश' अथवा दोष सिद्धि एवं दंडादेश, यदि कोई हो तो' बनाया जाता है। अंग्रेजी में 'Conviction and Sentence, if any' के रूप में भी बनाया जाता है। इस संबंध में **ज्योति अक्टूबर 1997 की पत्रिका में पृष्ठ 13 से 18** पर विस्तार से लिखा गया है।

कुछ क्षेत्रों से ऐसा ज्ञात होता है कि ऐसा मत है कि ऐसा बिंदु बनाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि न्यायालय वारण्ट ट्रायल में धारा 248 (2) अथवा सेशन ट्रायल में धारा 235 (2) के अन्तर्गत सजा के प्रश्न पर सुनने हेतु निर्णय को स्थगित करता है व अभियुक्त को सुनने पश्चात पृथक से सजा के संबंध में आदेश पारित करता है अतः 'दोषसिद्धि एवं दंडादेश' का मुद्दा निरर्थक है। यह शब्दाडम्बरपूर्ण होना भी कहा जाता है। अर्थात रिडॅनडन्ट के रूप में बोला जाता है।

धारा 354 (1) एवं 354 (1) (ख) दं.प्र.सं. में कहा है कि "..... every judgment refered to in section 353 shall contain the point or points for determination, the decision there upon and the reasons for the decision;

हिन्दी में धारा 354 (1) एवं (बी) दं.प्र.सं. में कहा है कि "..... धारा 353 में निर्दिष्ट प्रत्येक निर्णय, अवधारणा के लिए प्रश्न, उस प्रश्न या उस प्रश्नों पर विनिश्चय के कारण अन्तविष्ट करेगा;

अर्थात प्रत्येक अपराधिक प्रकरण के निर्णय में (चाहे अपील का निर्णय भी क्यों न हो) विचारणीय बिन्दु एवं उन प्रत्येक पर कारण सहित निर्णय दिया जाएगा। क्या अभियुक्त को दोषमुक्त किया जावे या दंडित किया जावे यह मुद्दा न्यायालय के सामने नहीं होगा? अवश्य होगा। यदि इस मुद्दे को विशेष रूप से पृथक से बना कर उस पर निर्णय कारणों सहित देते हैं तो निर्णय का सौंदर्य, खूबसूरती, छटा कुछ और होगी। पढ़ने वाले को सजा के संबंध में समझने हेतु उक्त मुद्दे (विचारणीय बिंदु) पर ही ध्यान देने पर त्वरित ज्ञात होगा कि प्रकरण में क्या परिणाम है। ध्यान करना निर्णय आप अपने लिए ही नहीं लिखते है अपितु अपील न्यायालय हेतु, वरिष्ठ न्यायालय हेतु व विशेषकर पक्षकार हेतु जो प्रत्येक अक्षर पढ़ता है व जानना चाहता है कि जज्ज साहेब ने क्या लिखा है। निर्णय की खूबसूरती आपकी योग्यता का प्रतिबिंब होता है। आपको यह विचारणीय बिंदु नहीं लिखना है मत लिखें लेकिन ये विचारणीय बिंदु लिखने से निर्णय की गुणवत्ता में अधिक वृद्धि होगी ये सुनिश्चित मानिये। निर्णय में ऐसा बिंदु पृथक से निर्मित करना व उस पर निर्णय देना निरर्थक तो निश्चित ही नहीं है। निर्णय की छटा, गुणवत्ता कैसी हो ये आप पर निर्भर करता है। गुणात्मक सुधारों से दूर रहना अथवा किनारा करना तो आसान होगा परन्तु उन्हें आत्मसात करके व्यवहार में लाना न्यायाधीश के गुणों में वृद्धि करेगा; समय के साथ क्रांतिकारी परिवर्तन होगा।

जो सजा दी जाती है वह तालिकाबद्ध बनाकर दर्शाई जावे तो निर्णय और भी अधिक सुस्पष्ट व समझनें योग्य होगा। यह बात भी **अक्टूबर 1997 की ज्योति में पृष्ठ 13 से 18** पर बताई है। कितना अच्छा होगा यदि उन पृष्ठों को देख लो, पढ़ लो अनुभव करके व्यवहार में उतारो।

यही विचार इन्हीं तर्कों के साथ व्यवहार प्रकरणों में (जिसमें अपील निर्णय भी सम्मिलित है) के विषय में समान रूप से प्रदर्शित किये जा सकते हैं। न्यायाधीश जिन्हें **'दोषसिद्धि एवं दंडादेश, यदि कोई हो तो'** तथा **'सहायता एवं व्यय'** के विषय में कारणों सहित कक्षाओं में बताया गया था उसमें से अधिकांश न्यायाधीश ऐसा नहीं करते हैं। कारण पूछने पर नहीं बताते है। एक ने चेंबर में बताया कि जिला न्यायाधीश ऐसा करने से मना कर देते हैं इसलिए हम नहीं करते। अच्छा हुआ, हमें पता लगा कि प्रशासनिक भय से वे ऐसा करते हैं। इस प्रकार के प्रशासनिक भय से मुक्त होना भी आवश्यक है ताकि विधिपूर्ण कार्य गुणवत्ता से किया जा सके।

सहायता एवं व्यय का वाद प्रश्न भी पृथक से बनाना चाहिये एवं उसमें निर्णय का क्रियाशील भाग सम्मिलित हो जिससे डिक्री सुस्पष्ट बनेगी। कृपया देखें आ. 20 नि. 4 (1) एवं 4 (2)। रीडर को सुविधा होगी। प्रकरणों की पंजी में प्रविष्टियाँ ठीक से हो सकेंगी। वरिष्ठ न्यायालय भी आसानी से समझ सकेगा। इस संबंध में भी एक लेख **1998 की ज्योति अप्रैल 1998 पृष्ठ 56 से 67** में तथा **1998 की ज्योति ऑगस्ट 1998 पृष्ठ 21 से 27** में बताया है। कृपया सकारात्मक चिंतन पर विचार अवश्य करों चाहे स्वीकार न भी करो।

●

WATER THAT DOES NOT FLOW GROWS STAGNANT

लिखितों का रद्द करण

धारा 31 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963 के प्रावधान इस प्रकार है। सुविधा के लिए अंग्रेजी अनुवाद भी दिया जा रहा है।

31. कब रद्दकरण का आदेश दिया जा सकेगा (1) कोई व्यक्ति, जिसके विरूद्ध कोई लिखत शून्य या शून्यकरणीय हो और जिसको यह युक्तियुक्त आशंका हो कि ऐसी लिखित यदि विद्यमान छोड़ दी गई, तो वह उसे गंभीर क्षति कर सकती है, उसको शून्य या शून्य करणीय न्यायनिर्णीत कराने के लिए वाद ला सकेगा; और न्यायालय स्वविवेक में, उसे ऐसा न्यायनिर्णीत कर सकेगा और उस न्यायालय को परिदत्त और रद्द किए जाने के लिए आदेश दे सकेगा।

(2) यदि लिखत भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो तो न्यायालय अपनी डिक्री की एक प्रतिलिपि ऐसे आफिसर को भेजेगा जिसके कार्यालय में लिखत का इस प्रकार रजिस्ट्रीकरण हुआ है, और ऐसा आफिसर अपनी पुस्तकों में अन्तर्विष्ट लिखत की प्रति पर उसके रद्दकरण का तथ्य टिप्पणित कर लेगा।

31. When cancellation may be ordered- (1) Any person against whom a written instrument is void or voidable, and who has reasonable apprehension that such instrument, if left outstanding may cause him serious injury, may sue to have it adjusted void or voidable and the court may, in its discretion, so adjudge it and order it to be delivered up and cancelled.

